
R.N.I. NO. UPHIN/2013/55150

हिन्दी दैनिक



# लखनऊ का अभिमान



लखनऊ,अयोध्या,गोण्डा, बाराबंकी, सुल्तानपुर, उन्नाव, कानपुर, सीतापुर, हरदोई से एक साथ प्रसारित।

हर खबर पर नजर, नगर-नगर, डगर-डगर

वर्ष : 09 अंक :326 लखनऊ शनिवार 01 जून 2024 पृष्ठ- 08 मूल्य- 2.00 रुपया

### मुख्यमंत्री योगी ने दिया निर्देश

## अनावश्यक बिजली कटौती न करें, तत्काल सही कराएं फाल्ट



**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जारी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर हीट वेव से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं।**

**लखनऊ।** यूपी में भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए और कहा कि गांव हो या शहर अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए और फाल्ट आने पर तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से प्रदेश में भीषण गर्मी-लू का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूवार्नुमान का दैनिक बुलेटिन जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी और लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जरूरत हो तो अतरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। सभी नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजार में मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। पेयजल का अभाव कहीं भी न हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अयोध्या, काशी, मथुरा आदि सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बड़ा मंगल के दृष्टिगत लखनऊ में साफ-सफाई, ट्रैफिक व अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से होना सुनिश्चित कराएं। हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन करें मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच पशुधन और वन्य जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी प्राणि उद्यानों व अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पशुपालक कृषकों को हीट वेव की स्थिति में सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम हों। गोशालाओं में पशुधन की हरे चारे-चोकर और पानी की उचित व्यवस्था हो। बरसात पूर्व पशुओं के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया जारी रखें। हीटवेव (लू) के लक्षणों और उससे बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया जाए। बीमारी की स्थिति में हर किसी को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराएं। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में हीट-वेव से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज किया जाए। शहरों में पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए, सभी हैंडपम्प को क्रियाशील रखा जाए, ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ का संचालन एक पुनीत कार्य, गोवंश, श्वान आदि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी एवं छाया की व्यवस्था की जानी चाहिए। पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी एवं दाना रखने के लिए आम जन को करें जागरूक करें।

### दिल्ली-हरियाणा के बीच पानी को लेकर जंग:

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची केजरीवाल सरकार, दायर की याचिका



**● दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि रिकॉर्ड तापमान के बीच हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से के पानी की कटौती कर रही है। हरियाणा सरकार यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रही है।**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच पानी को लेकर खींचतान जारी है। इसी मामले में दिल्ली सरकार अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। दिल्ली सरकार ने सर्वोच्च अदालत में याचिका दाखिल की है। उन्होंने हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से मानी की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक महीने अतिरिक्त पानी दिया जाए। इससे पहले, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा था कि रिकॉर्ड तापमान के बीच हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से के पानी की कटौती कर रही है। एक दिन पहले,आतिशी ने आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रही है। इससे दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। हालांकि, इससे निपटने के लिए सरकार ने तैयार है। सरकार ने वाटर टैंकर वार रूम बनाया है, जहां से दिल्लीवासी 1916 पर कॉल कर टैंकर मंगवा सकते हैं। पानी की बबार्दी रोकने के लिए जल बोर्ड की 200 टीमें बनाई गईं हैं। निर्माण साइटों, कार वाशिंग और कार रिपियर सेंटर पर जल बोर्ड के पोर्टेबल पानी के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। आदेश का पालन न करने पर साइट सील की जाएगी। इधर, आतिशी ने वजीराबाद तालाब का निरीक्षण कर बताया कि यमुना का सामान्य जलस्तर 674 फीट से घटकर 670.3 फीट पर आ गया है। इससे कई इलाकों में पानी की कमी हो गई है। हरियाणा से यमुना में छोड़े जाने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल व ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है। 200 एनफोर्समेंट टीमें काटेंगी चालान आतिशी ने बताया कि बुधवार को ही घोषणा की गई थी कि जल बोर्ड की 200 एनफोर्समेंट टीमें पानी की बबार्दी की जांच करेंगी।

### फास्ट न्यूज

## हीटवेव को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की जरूरत': राजस्थान उच्च न्यायालय

**राजस्थान ।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने कहा है कि हीटवेव और शीत लहर को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की जरूरत है। न्यायालय ने गुरुवार को राज्य सरकार को हीटवेव के कारण मरने वाले लोगों के आश्रितों को मुआवजा देने के निर्देश जारी करते हुए यह टिप्पणी की। राजस्थान उच्च न्यायालय ने कहा है कि हीटवेव और शीत लहर को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की जरूरत है। न्यायालय ने गुरुवार को राज्य सरकार को हीटवेव के कारण मरने वाले लोगों के आश्रितों को मुआवजा देने के निर्देश जारी करते हुए यह टिप्पणी की। यह तब हुआ है जब उत्तर भारतीय राज्यों में हीटवेव कहर बरपा रही है और तापमान रोजाना नए रिकॉर्ड बना रहा है। पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए।

## 2 जून को मुझे सरेंडर करना है, दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे, जेल के अंदर से चलाएंगे सरकार




**● दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उन्हें जेल में जनता की चिंता होती है। जेल के अंदर से भी दिल्ली के काम चलते रहेंगे। दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे।**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 2 जून को मुझे सरेंडर करना है। वह 2 जून को अपने आपको सरेंडर करने के लिए घर से 3 बजे निकलेंगे। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें जेल में जनता की चिंता होती है। जेल के अंदर से भी दिल्ली के काम चलते रहेंगे। दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे। उन्होंने अपने परिवार के मांगा है कि उनके माता-पिता के लिए प्रार्थना करें। उनके माता-पिता की तबियत सही नहीं रहती है। केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे जेल में इन्सुलिन नहीं दी गई थी। जिससे मेरी किडनी और लिवर में असर हुआ है। जेल में 50 दिन के अंदर उनका वजन घटा है। 74 किलो से 64 किलो वजन हो गया है। डॉक्टर ने इसे बड़ी बीमारी का संकेत बताया है। सीएम ने कहा कि 2 जून को मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। इस बार मैं कब तक जेल में रहूंगा, इसका नहीं पता, लेकिन मेरे हौंसले बुलंद हैं। जब मैं जेल में था तो मुझे कई तरह से प्रताड़ित किया गया। दिल्ली सीएम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव-प्रचार करने के लिए 21 दिन की मौहलत दी थी। परसो मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं, इस बात का मुझे फक्र है। इन्होंने मुझे कई तरह से तोड़ने, झुकाने और चुप करने की कोशिश की लेकिन ये लोग सफल नहीं हुए। इन्होंने मेरी दवाईयां रोक दीं। जेल में इन्होंने कई दिन मेरे इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए। मैं जेल में 50 दिन था, इन 50 दिनों में मेरा 6 किलो वजन कम हो गया। डॉक्टर कह रहे हैं कि ये शरीर में किसी बड़ी बीमारी का भी संकेत हो सकता है। आप अपना ख्याल रखना। आप खुश उन्होंने कहा, 'मैं चाहें जहां रहूं, दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा। लौट कर मैं हर मां-बहन को हर महीने हजार रुपये देने की भी शुरूआत करूंगा। आज मैं अपने परिवार के लिए आपसे कुछ मांगना चाहता हूं। मेरे पीछे से मेरे माता-पिता का ख्याल रखना। हम सब मिलकर तानाशाही से लड़ रहे हैं। देश को बचाने के लिए यदि मुझे कुछ हो जाए तो गम मत करना। भगवान ने चाहा तो आपका ये बेटा बहुत जल्द वापस आएगा।' केजरीवाल की यूपी-हरियाणा सरकार से अपील उधर, केजरीवाल ने दिल्ली में जल संकट को लेकर भाजपा से राजनीति न करते हुए अपील की है कि यूपी और हरियाणा से दिल्ली को पानी दिलवा दें। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपील की है। इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व गर्मी पड़ रही है जिसकी वजह से देश भर में पानी और बिजली का संकट हो गया है। पिछले वर्ष, दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 7438 टह थी। इसके मुकाबले इस साल पीक डिमांड 8302 टह तक पहुँच गयी है। पर इसके बावजूद दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है, दिल्ली सीएम ने एक्स पर लिखा, 'इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व गर्मी पड़ रही है, जिसकी वजह से देश भर में पानी और बिजली का संकट हो गया है। पिछले वर्ष, दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 7438 टह थी। इसके मुकाबले इस साल पीक डिमांड 8302 टह तक पहुंच गई है। पर इसके बावजूद दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है, अन्य राज्यों की तरह पॉवर कट नहीं लग रहे। केजरीवाल ने आगे लिखा, 'पर इतनी भीषण गर्मी में पानी की डिमांड बहुत बढ़ गई है।

### स्वाति मालीवाल मामला:

## हाई कोर्ट ने बिभव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली ।** हाई कोर्ट ने स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के मारपीट मामले में आरोपी बिभव कुमार की जमानत याचिका पर आज दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उधर, मालीवाल मामले में रिपोर्टिंग रोकने को लेकर दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने याची को फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने कहां जब मालीवाल को आपत्ति नहीं तो आप कौन होते हैं। यह याचिका मात्र प्रचार के लिए दायर की गई है। बुधवार को बिभव कुमार ने आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल द्वारा दायर मारपीट मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। बिभव ने याचिका में अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया था। बिभव ने याचिका में अपनी अवैध गिरफ्तारी के लिए मुआवजे की भी मांग की थी। याचिका में बिभव ने कहा कि मेरी गिरफ्तारी अवैध है। मुझे जबरदस्ती पुलिस कस्टडी में रखा गया है। जबरदस्ती कस्टडी में रखने का मुआवजा मिले। पुलिस वालों के खिलाफ विभागीय जांच हो।



## उड़ानों में देरी होने पर एक्शन में आई डीजीसीए, एयर इंडिया को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की समुचित देखभाल में नाकाम रहने के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस नोटिस में 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 183 और 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 179 के परिचालन में हुए अनावश्यक विलंब का जिक्र करते हुए जवाब मांगा है। एयर इंडिया की दोनों उड़ानें केबिन के भीतर तापमान नियंत्रित न होने की वजह से काफी देरी से संचालित हुई थीं और यात्रियों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ा था। एक अधिकारी ने कहा कि नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उड़ानों में देरी और यात्रियों को हुई ।



## यौन उत्पीड़न मामला : प्रज्वल देश लौटे, हवाई अड्डे पर एसआईटी ने किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना शुक्रवार तड़के जर्मनी से यहां पहुंचे, जिसके चंद मिनट बाद उन्हें इस मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गिरफ्तार कर लिया। सांसद प्रज्वल रेवन्ना (33) के म्यूनिख से बेंगलुरु लौटते ही एसआईटी ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यह सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था कि प्रज्वल को जांच के लिए पुलिस थाने सुरक्षित लाया जा सके। जनता दल (सेक्युलर) के संरक्षक एच. डी. देवेगौड़ा के पोते और हासन लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार प्रज्वल (33) पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। प्रज्वल ये आरोप लगने के करीब एक महीने बाद बेंगलुरु लौटे जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें हिरासत में ले लिया और एसआईटी को सौंप दिया। सूत्रों ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एसआईटी ने उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया।



## श्रीनगर जा रही विस्तारा फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, हुई सुरक्षित लैंडिंग

**नई दिल्ली ।** हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली से रवाना हुई विस्तारा की उड़ान (यूके-611) को श्रीनगर जाते समय बम की धमकी मिली। सूचना मिलने पर, सुरक्षा अधिकारियों और हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू की। 177 यात्रियों और एक शिशु को लेकर श्रीनगर जाने वाली विस्तारा की उड़ान को निशाना बनाकर बम की झूठी धमकी दी गई, जिस पर शुक्रवार को श्रीनगर हवाईअड्डे के अधिकारियों और सुरक्षा बलों ने त्वरित प्रतिक्रिया दी। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली से रवाना हुई विस्तारा की उड़ान (यूके-611) को श्रीनगर जाते समय बम की धमकी मिली। सूचना मिलने पर, सुरक्षा अधिकारियों और हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू की। जैसे ही विमान लगभग 12:10 बजे श्रीनगर हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा, ऐसे खतरों के लिए मानक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और विमान को तुरंत एक आइसोलेशन बे में निर्देशित किया गया।

## चिंगारी से छह मकान जले, तीन झुलसे

**बांदा।** अतर्रा कस्बे से आठ किलोमीटर दूर स्थित बंडे गांव में गुरुवार की देर शाम कोटार्य परिवार के मोहल्ले में लगे बिजली के खंभे में अचानक चिनगारी उठने से कुछ ही मिनटों में आग ने करीब छह मजदूरों के खपरैलदार मकानों में आग लग गई। धुआं व आग की लपटों को देखकर घरों के अंदर मौजूद लोगों ने बाहर निकले। तीन महिलाएं आग से झुलस गईं। समाजसेवी राजीव रतन चतुर्वेदी ने बताया आग लगने से मजदूर अली हसन, सीताराम, मुन्नीलाल, सपना, विजय बहादुर, महिला बुलाकी के घर जल गए हैं।

## आपके ड्रामा का खर्च कौन उठाएगा? आस्था है तो घर पर करें : खरगे



**● पीएम मोदी पर निशाना साधने के अलावा, उन्होंने कहा कि आरक्षण छीनने का कोई सवाल ही नहीं है। आरक्षण एससी और एसटी समुदाय के लोगों को उनकी आबादी के अनुसार दिया जाना चाहिए।**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी कन्याकुमारी में हैं। वे यहां तीन दिन विवेकानंद मेमोरियल में ध्यान करेंगे। इस पर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म को नहीं लाना चाहिए। राजनीति और धर्म अलग-अलग विषय है। पीएम मोदी वहां कन्याकुमारी में क्या ड्रामा कर रहे हैं, वहां करीब 10 हजार लोग हैं। यह देश के पैसे की बबार्दी है। देश में आचार संहिता लागू है। इसका खर्च कौन उठाएगा। अगर आपको इतनी ही आस्था है तो आप अपने घर पर यह काम करें। अपनी जेब से खर्च उठाएं। भगवा कुर्ते और गमछा में दिखे पीएम मोदी बता दें, पीएम मोदी के ध्यान का आज दूसरा दिन है। उन्होंने सुबह सूर्योदय के समय उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया। पीएम मोदी के ध्यान का एक वीडियो सामने आया है, वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। वे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठकर ध्यान कर रहे हैं। उनके हाथों में माला है और ओम की आवाज गूंज रही है। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। एक दिन पहले कन्याकुमारी पहुंचे थे पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे। इन मसलों पर भी साधा निशाना पीएम मोदी पर निशाना साधने के अलावा, उन्होंने कहा कि आरक्षण छीनने का कोई सवाल ही नहीं है। आरक्षण एससी और एसटी समुदाय के लोगों को उनकी आबादी के अनुसार दिया जाना चाहिए।

## ध्यान नहीं, फिल्म शूटिंग और मार्केटिंग के लिए पहुंचे हैं कन्याकुमारी : तेजस्वी



**तमिलनाडु।** लोकसभा चुनाव 2024 के समापन से पहले आध्यात्मिक यात्राएं करने के क्रम में, पीएम मोदी 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक उसी स्थान पर ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान सत्र के लिए उनका मजाक उड़ाया और सुझाव दिया कि यह फिल्म शूटिंग और मार्केटिंग के समान है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सच्चा ध्यान इसे प्रचारित किए बिना होता है। एएनआई से बात करते हुए, तेजस्वी यादव ने कहा, वह ध्यान नहीं कर रहे हैं। वह एक फिल्म की शूटिंग और मार्केटिंग कर रहे हैं। ध्यान शांतिपूर्ण वातावरण में बिना किसी को बताये होता है। लोकसभा चुनाव 2024 के समापन से पहले आध्यात्मिक यात्राएं करने के क्रम में, पीएम मोदी 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक उसी स्थान पर ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। 2019 में उन्होंने केदारनाथ का दौरा किया था और 2014 में उन्होंने शिवाजी के प्रतापगढ़ का दौरा किया था। पीएम मोदी गुरुवार 30 मई को कन्याकुमारी पहुंचे और 1 जून तक वहां रहकर ध्यान करेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार अभियान के समापन के बाद पीएम मोदी ने कन्याकुमारी के भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# जनपद में धारा-144 दण्ड प्रक्रिया संहिता लागू

ब्यूरो प्रमुख असद हुसैन

अमेठी अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया कि माह जून में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत प्रभावी आदर्श चुनाव आचार संहिता, 04 जून 2024 को मतगणना एवं 17 जून 2024 को मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाये जाने वाले ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व के तहत जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा जनसामान्य के जीवन की सुरक्षा हेतु वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार जनहित में द0प्र0सं0-1973 की धारा-144 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यह निषेधाज्ञा 31 मई 2024 से 30 जून 2024 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहेगी तथा निषेधाज्ञा का उल्लंघन भा0द0वि0 की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व/त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरती जाय तथा किसी प्रकार के जूलुस इत्यादि प्रशासन से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही आयोजित किये जायेंगे, सार्वजनिक स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं होगें, किसी प्रकार से धार्मिक उत्तेजना फैलाना (ऐसा भाषण देना, सामग्री वितरण आदि) व जूलुस, सामाजिक विद्वेश पूर्ण कार्य, व्यवहार, आचरण एवं व्यक्तियों के बीच वैमनस्य व भ्रम फैलाना, धार्मिक जातीय वर्गीय विभाजन सम्बन्धी कोई भी कथन व कृत्य पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा तथा किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा मार्ग व विद्युत लाइन की गतिशीलता का अवरोध और न ही इसके लिए किसी को दुष्प्रेरित करेगा साथ ही किसी विद्युत उपकेन्द्रों/कार्यालय व विद्युत संयंत्रों को क्षति नही पहुँचायेगा एवं सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों में अधिक संख्या में भीड़ व घातक हथियार तथा ढेला, ईंटा, पत्थर, सोडा वाटर की बोतलें आदि एकत्र नहीं किया जायेगा, म्यूजिक सिस्टम/लाउडस्पीकर का सार्वजनिक प्रयोग वर्जित होगा। उन्होंने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग/उ0प्र0 अधीनस्थ चयन आयोग व अन्य परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक वस्तुएं/अनुचित साधन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगी, प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 200 गज की परिधि में आवश्यक निषेधाज्ञा लागू की जाय व गेस पेपर, गाईड बुक, क्वैशचन बैंक, साल्ड, अनसाल्ड पेपर, परीक्षा समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्नपत्र को परीक्षा केन्द्र के बाहर जाने से तथा परीक्षा अवधि में 100 मीटर की परिधि में फोटो कॉपियर मशीन की दुकान खोलने एवं संचालन प्रतिबंधित रहेगा व प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के अन्दर एवं बाहर 100 मीटर की परिधि के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं तथा परीक्षा संचालन से जुड़े प्रशिक्षकों, अधिकारियों अथवा कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य किसी का प्रवेश व परीक्षा केन्द्र के अन्दर सेलुलर फोन अथवा इलेक्ट्रानिक उपकरण कार्बन आदि प्रतिबंधित रहेगा तथा परीक्षा केन्द्र के आस-पास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, कोई भी धरना, प्रदर्शन, जुलूस, चक्का जाम, जनसभा अथवा अन्य कोई विरोधी कार्यक्रम व क्रिया-कलाप पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जनपद की सीमा के अन्दर लाठी, डण्डा (अंधे व अपाहिज तथा सिख धर्म द्वारा रखे जाने वाले कृपाण को छोड़कर) तेज धार वाले चाकू तथा नुकीले शस्त्र जैसे तलवार, बरछी, गुप्तियां, कटार, फरसा, संगीन, त्रिशूल अथवा आग्नेयशस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ, घातक हथियार आदि लेकर नही चलेगा और न ही किसी सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित करेगा तथा ड्यूटीरत पुलिसकर्मी/अर्द्ध सैनिक बल पर ये प्रतिबन्ध लागू नहीं होगें, कोई भी व्यक्ति अपने घर की छत पर या घर के बाहर अथवा सार्वजनिक स्थान पर ईंट, पत्थर आदि के टुकड़े एकत्र नही करेगा। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार ध्वनि प्रदूषण (विनिमय और नियंत्रण) नियम-2000 के प्राविधानों के क्रम में औद्योगिक क्षेत्र में दिन/रात्रि के समय 75/65 डेसीबल, वाणिज्यिक क्षेत्र में 65/45 डेसीबल, अध्यारित क्षेत्रों में 55/45 डेसीबल तथा शान्त क्षेत्र में 50/40 डेसीबल अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई है, इसका पूर्णतः अनुपालन आवश्यक होगा। डी0जे0 80 डेसीबल से अधिक ध्वनि विस्तारक एवं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के नही करेंगे, निर्धारित की गयी सीमा से अधिक ध्वनि विस्तारक से डी0जे0 का प्रयोग करने की दशा में इस आदेश, नियमों/सीमा से अधिक का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी व भा0द0वि0 की धारा-188 व अन्य सुसंगत धाराओं के तहत इसे दण्डनीय अपराध माना जायेगा। मन्दिर/मस्जिद/गुरूदारा/चर्च आदि धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की ध्वनि धार्मिक स्थल तक ही सीमित रहेंगे, कोई भी व्यक्ति ड्यूटीरत पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण/नगर निगम/स्वास्थ्य विभाग/सफाईकर्मी के साथ अभद्रता अथवा मारपीट करने पर उसके विरूद्ध विधिपूर्ण कार्यवाही की जायेगी। सोशल मीडिया पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व होगा कि ग्रुप से जुड़ा कोई भी व्यक्ति भड़काऊ अफवाह फैलाने सम्बन्धित कोई पोस्ट नही करेगा, यदि कोई व्यक्ति ऐसा पोस्ट करता है तो ग्रुप एडमिन उसे तत्काल डिलीट कराते हुए सम्बन्धित व्यक्ति को ग्रुप से बाहर करेगा और स्थानीय पुलिस को सूचित भी करेगा। जनपद की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पुतला नही जलायेगा और न ही ऐसा आचरण प्रस्तुत करेगा जिससे किसी प्रकार शान्ति व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना हो। उन्होंने बताया कि मतगणना दिवस पर सभी उम्मीदवार/अभिकर्ता मतगणना कार्य में लगे हुए अधिकारियों के साथ शान्तिपूर्वक, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष तथा सुव्यवस्थित ढंग से मतगणना सम्पन्न कराने हेतु सहयोग करेंगे एवं मतगणना परिसर में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित होगा तथा मतगणना स्थल के अन्दर ज्वलनशील पदार्थ, माचिस, लाइटर व निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री आदि को लेकर जाना एवं मतगणना के बाद किसी प्रकार का राजनैतिक जुलूस/विजय जुलूस/शोभा यात्रा निकालना प्रतिबन्धित होगा इसके साथ ही प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अनिवार्य रूप से मतगणना पास रखना होगा, बिना पास के मतगणना स्थल पर प्रवेश सम्भव नहीं होगा, मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के भीतर उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता, मतगणना कार्मिक, सुरक्षाकर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश वर्जित होगा तथा अभ्यर्थी, गणना अभिकर्ता आग्नेयास्त्र एवं सेलुलर फोन सहित गणना परिसर में कदापि प्रवेश नहीं करेंगे व किसी भी व्यक्ति को उम्मीदवार, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता को धमकाने तथा अनुचित मतगणना हेतु प्रेरित करने से प्रतिबन्धित होगा। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा नशे में अश्लील शब्दों का प्रयोग एवं खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, दुकानदारों, राहगीरों, वाहन चालकों से जबरन चन्दा वसूलना, सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से किसी प्रकार की भ्रामक/अपुष्ट खबर प्रसारित करना, आपत्तिजनक/अनाधिकृत पोस्ट करना प्रतिबन्धित होगा इसके साथ यह आदेश शव, श्मशान स्थल पर, सभी सम्प्रदाय के सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकत्र 5 से अधिक व्यक्तियों पर तब तक लागू नही होगा, जब तक उक्त स्थल पर एकत्रित व्यक्तियों से भारत/राज्य की किसी संहिता, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, लोकशान्ति विक्षुब्ध होने का खतरा न हो तथा महामारी आदि के दृष्टिगत शासन द्वारा निर्गत यथा आदेश/निर्देश प्रभावी होंगे एवं सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, परम्परागत कार्यक्रमों का आयोजन नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से आदर्श आचार संहित का पालन करते हुए किया जायेगा तथा भारत/राज्य निर्वाचन आयोग एवं शासन द्वारा समय-समय पर सुरक्षा, कानून एवं शान्ति व्यवस्था, त्योहारों आदि के सम्बन्ध में निर्गत आदेशों का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा व किसी प्रकार के नवीन गैर परम्परागत कार्य नहीं किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद की सीमा के अन्दर किसी भी साइबर कैफे के स्वामी/संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति को जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड व ऐसे ही अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, साइबर कैफे का उपयोग नही करने दिया जायेगा एवं समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर में उनके हस्तलेख में नाम, पता, दूरभाष नम्बर, परिचय का प्रमाण पत्र अंकित कराये बिना संचालित/साइबर कैफे का प्रयोग नही किया जायेगा तथा साइबर कैफे में बिना एक कैमरा लगाये जिसमें प्रत्येक आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं की फोटो खींची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जायेगा इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में लाउडस्पीकर द्वारा करायेंगे तथा आदेश की प्रतियॉ प्रमुख स्थल, तहसील, स्थानीय निकाय के कार्यालयों तथा कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।

## जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया 15 जून तक अवकाश घोषित

ब्यूरो प्रमुख असद हुसैन

अमेठी जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उ0प्र0 बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन बेसिक विद्यालयों में 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है, इस अवधि में (प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल) विद्यालय बन्द रहेंगे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी विद्यालयों में होने के कारण जिलाधिकारी महोदया द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 जून 2024 तक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन, वी0एच0एस0एन0डी0 सत्रों का आयोजन करते हुए समस्त शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।

## तहसील व पुलिस प्रशासन ने गांव डावली में अवैध मिट्टी खनन करते पांच वाहन पकड़े

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। किरावली तहसील प्रशासन ने गुरुवार को देर शाम गांव डावली में अवैध खनन के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम दिव्या सिंह के निर्देश पर तहसील प्रशासन की टीम ने थाना पुलिस के साथ मिलकर शाम साढ़े सात बजे छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान मिट्टी खनन कर रहे लोग मौके से फरार हो गए, लेकिन टीम ने एक मिट्टी लोडर, तीन ट्रैक्टर ट्राली और एक बाइक को जब्त किया। नायब तहसीलदार एचएल चौधरी ने बताया कि खेत के मालिक की पहचान कर उसे खनन विभाग को सूचित किया जाएगा। इस अवैध खनन में शामिल व्यक्ति की पहचान रविन्द्र उर्फ रम्भो के रूप में की गई है। जब्त किए गए वाहनों को थाना किरावली ले जाया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है टीम में मौजूद नायब तहसीलदार एचएल चौधरी, नायब तहसीलदार अमित मुदगल, मिढ़ाकुर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक मनोज नागर, सिपाही जोशीले और मनोज चौधरी आदि शामिल रहे।



## भैंस और पिकअप छोड़कर फरार चोर हुए फरार

ब्यूरो प्रमुख असद हुसैन

शुक्रवार की भोर भैंस चोरी कर भाग रहे पिकअप सवार चोर और ग्रामीण आमने सामने हो गए जहां बाइक से चोरों का पीछा कर रहे ग्रामीणों पर चोरों ने पिकअप चढ़ा दी जिससे एक बाइक पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई और एक युवक बाल बाल बच गया।ग्रामीणों से घिरता देख चोर पिकअप और भैंस छोड़कर मौके से फरार हो गए फिलहाल ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के नेवाजगढ़ अहमदपुर गांव का है जहाँ सुबह पिकअप सवार चोर में सुरजीत की भैंस चुराने का प्रयास कर रहे थे इसी बीच खटपट की आवाज सुनकर सुरजीत की आंख खुल गई और वो बाहर निकले तो देखा कि चोर भैस को खोलने का प्रयास कर रहे है।चोरों को देख सुरजीत ने चिल्लाना शुरू कर दिया जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके की तरफ दौड़े और ग्रामीण को अपनी तरफ आता देख चोर पिकअप लेकर भागने लगे इस दौरान सुरजीत ने बताया कि एक चोर गाड़ी चला रहा था और दो मुंह ढककर लाठी लेकर पिकअप के पीछे वाले हिस्से में खड़े थे जो पीछा कर रहे ग्रामीणों को लाठी से मारकर भागने का प्रयास कर रहे थे तथा लगातार पीछा करने से परेशान सुरजीत के ऊपर पिकअप चढ़ाने का प्रयास किया जिसमें मोटरसाइकिल चकनाचूर हो गई और उसको हल्की छोटे आई हैं।लगभग 5 किलोमीटर पीछा करने के बाद पाली गांव के पास पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड्ड मे पलट गई । जब तक और लोग संभलते चोर पिकअप और चोरी की हुई दो भैंस छोड़कर भाग खड़े हुए।ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और पिकअप को कब्जे मे ले लिया ।मौके पर पहुंचकर थाना अध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि पिकअप से प्राप्त जरूरी दस्तावेजों के आधार पर जांच की जा रही है जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## पत्नी की विदाई से क्षुब्ध युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

सोहावल अयोध्या।रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कलाफरपुर निवासी 25 वर्षीय युवक अमित यादव पुत्र भगौती यादव ने शुक्रवार को दोपहर ससुराल कटरा तहसीनपुर में अपनी बेटी और पत्नी की विदाई न होने से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जान देने की मंशा से हालत बिगड़ने पर परिजनों ने युवक को सीएचसी में लाकर भर्ती कराया है। जहां हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। युवक का आरोप है ससुराल के लोग पत्नी और एक वर्षीय बेटी की विदाई नही कर रहे है। जबकि ससुरालियों का कहना है युवक शराब के नशे का आदि होने से पत्नी और बेटी दोनों का उत्पीड़न करता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रेमचंद ने बताया समय से इलाज मिल जाने से युवक की जान बच गई। इलाज चल रहा है।

## ग्यारह साल बाद भी नही हुई भूमि की दाखिल खारिज

सोहावल अयोध्या।सोहावल तहसील अंतर्गत ग्राम कपासी स्थित एक गाटे का बैनामा हुए 11 वर्ष बीत गए। लेकिन राजस्व विभाग दाखिल खारिज नही कर पाया। भूमि से जुड़े क्रेता और विक्रेता दोनों से परे कुछ प्रापर्टी डीलरों की अड़ंगेबाजी को आधार बना विभागीय अधिकारी भ्रष्टाचार की आंड में मामले को लटकाए हुए है। राजस्व गांव कपासी के गाटा संख्या 645 रकवा 0.591 हेक्टेयर का बैनामा अगस्त 2013 में कराया गया। भूमि की दाखिल खारिज के लिए आवेदन तहसीलदार सोहावल के यहां दाखिल की गई। लेकिन गांव निवासी रामधीरज राय, दयानंद राय आदि की अड़ंगेबाजी ने वाद को विवादित बना दिया। आरोप है कि पुलिस अभिलेखों में कई बार दर्ज होने के बावजूद के साथ अपनी दबंगई के लिए पहचाने जाने वाले विपक्षियों ने अब जमीन पर की जा रही खेती को भी नही करने दे रहे है। फसल को नुकसान पहुंचाने के साथ नष्ट करने पर आमादा रहते है। इनकी साजिश पर न्यायालय पर दर्ज की गई बैनामी के विरुद्ध निगरानी याचिका दिसंबर 2023 में खारिज कर दी गई है। भू मालिक अरुण कुमार सिंह निवासी सालारपुर द्वारा इस बावत कई शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार की गई। लेकिन भ्रष्टाचार के दल दल में फंसे राजस्व विभाग की आंख नही खुली। पूंछे जाने पर तहसीलदार सोहावल विनोद चौधरी ने बताया कि विवाद न्यायालय में चल रहा है। तो परीक्षण के दौरान साक्ष्य देखे जायेंगे। इतने लंबे समय से दाखिल खारिज नही हुई। फाइल देखने के बाद ही निर्णय लिया जा सकता है।?

## मतदान हेतु चलाया अभियान

ब्यूरो प्रमुख प्रद्युम्न कुमार यादव

देवरिया। आज होने वाले लोकसभा चुनाव की मतदान को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार से पुरस्कृत स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड विजेता साहू विशाल कुमार गुप्ता ने लार नगर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अति आवश्यक हैं। इस दौरान पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को ईवीएम का डेमो दिखा सही तरीके से बटन दबाने और मतदान करने के तरीके को भी बताया।



## मद्यनिषेध विभाग द्वारा युवा जागरूकता कार्यक्रम के साथ मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**नशे से होने वाली गम्भीर बीमारियों के बारे में किया जागरूक, तंबाकू मुक्त भविष्य बनाने का लिया गया संकल्प**

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में, आगरा के मद्यनिषेध विभाग ने युवाओं के बीच तंबाकू के दुरुपयोग के गंभीर मुद्दों के लिए ग्राम बगदा में ग्राम प्रधान अतर सिंह के सहयोग से एक नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य तंबाकू सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जन समुदाय के भीतर स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना है। डॉ0 सुरेन्द्र मोहन प्रजापति, डिप्टी सीएमओ/नोडल अधिकारी, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ आगरा ने स्थानीय युवाओं को तम्बाकू के उपयोग से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डालने वाले सूचनात्मक सत्रों, तम्बाकू के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों पर प्रकाश डाले जिसमें विभिन्न कैंसर, श्वसन रोगों और हृदय




संबंधी स्थितियों से अवगत कराया गया। तंबाकू का उपयोग दुनिया भर में मौत के प्रमुख रोकथाम योग्य कारणों में से एक है। हमारा लक्ष्य युवाओं को तंबाकू मुक्त जीवन जीने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाना है।''साथ ही उपस्थित जन समुदाय को नशा न करने की शपथ दिलायी गयी। उपदेश कुमार, उपक्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी द्वारा तंबाकू की लत के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों और इसे छोड़ने की रणनीतियों पर काबू पाने के तरीको से अवगत कराया और स्थानीय लोगों को तंबाकू के खतरों और तंबाकू मुक्त जीवन शैली के लाभों के बारे में सूचित करने के लिए डिजाइन किए गए पैम्फलेट का वितरण करवाया गया। मद्यनिषेध विभाग के विमल कुमार, ने स्थानीय लोगों के बीच तंबाकू के उपयोग को खत्म करने के लिए विभाग/सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''हम तंबाकू मुक्त भविष्य बनाने के लिए समर्पित हैं। शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के प्रसार को कम करना और हमारे युवाओं को इसके हानिकारक प्रभावों से बचाना है। जनपद आगरा में संचालित जिला नशा मुक्ति केंद्र से आये हुये डॉ0 व काउंसलर ने नशे से होने वाली बुराईयों से अवगत कराया और लोगों से अपील कि आइए हम सब मिलकर अपने युवाओं और समुदाय के लिए एक स्वस्थ, तंबाकू मुक्त भविष्य बनाने का संकल्प लें।

## कार गैराज में लगी भीषण आग सात गाड़ी जलकर हुई राख

**सात कार और स्पेयर पाट्र्स जलकर राख फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने पाया काबू**

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। किरावली में आगरा जयपुर हाईवे स्थित एक्सेल आटो मोबाइल गैराज में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। आग लगने से गैराज में खड़ी सात गाड़ियां, स्पेयर पार्टस की दुकान में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची दो दमकलों ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह आगरा जयपुर हाईवे पर एक्सेल आटोमोबाइल के नाम से गैराज बना हुआ है। जिसमें चार पहिया गाड़ियों की मरम्मत होती है। शुक्रवार सुबह तड़के जब धुंआ उठा तो रोड पर टहल रहे लोगों के होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि गैराज में भयंकर आग लगी हुई है। लोगों



ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने खुद लोगों की मदद से गैराज की बंद शटर को खोलने का प्रयास किया। शटर न खुलने पर बड़ी मुश्किल से उसे जैसे तैसे तोड़ा गया। इस दौरान कई लोगों के हाथ तक झुलस गए। इसके बाद सूचना पर आई दो दमकलों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गैराज में रखा पूरा सामान और कई गाड़ियां आग में जलकर राख हो गई थी। घटना की सूचना गैराज मालिक राकेश सिंह को दी गई। आग की सूचना पर राकेश सिंह और उनके परिजन आ गए। राकेश सिंह ने बताया कि वे रात को गैराज में ही सो रहे थे। आज सुबह करीब चार बजे घर से सूचना मिली कि उनकी मां का निधन हो गया हैं जिसके बाद वे घर पहुंचे। इसके बाद करीब 5रू30 बजे सूचना मिली कि उनके गैराज में आग लग गई है। ये सुनकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अज्ञात कारणों से आग लगी है। सात गाड़ियां और पूरा सामान जल गया है। जिसमें उनका कई लाखों का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी किरावली ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। आग में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## भीषण गर्मी कहर जारी सीएमओ,आशाओं की कोडिनेटर द्वारा बिना भुगतान के कार्य करवाने से परेशान

### सभी आशाएं अपनी फरियाद लेकर पहुंची डीएम कार्यालय, सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

उन्नाव।हिट स्टोक से तबियत खराब होनी वाली आशाओं का साथ देने वाली आशाओं से कोडिनेटर रानू,सर्वे अधिकारी सूर्यकांत बदले की भावना से तथा और पीड़ित आशाओं की आवाज को दबाने के लिए आभा आईडी व सर्वे की जांच जबरिया करवा रही हैं ऐसा हम नहीं कह रहे पीड़ित आशाओं का कहना जबकि हिट स्टोक लगने से गुड्डन व अन्य एक की हालत बिगड़ गई हैं जो निजी अस्पताल में भर्ती है जिनकी स्थित गंभीर बनी हुई हैं। और सीएमओ व आशाओं की कोडिनेटर ने चोरी छिपे ही आशा को कानपुर रेफर करा दिया है जबकि



प्रताड़ित आशाओं ने सीएमओ और आशाओं की कोडिनेटर की शिकायत ले कर सभी आशाएं जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंची जहा पर डीएम के ना मिलने पर सभी आशाओं ने डीएम के नाम अपनी तखलीफो को लिखित तौर पर ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौप है। आप लोगो को बताते चलें कि भीषण गर्मी के चलते सभी आशाओं से बिना भुगतान वाले कार्यों को लेकर आशाओं पर आभा आईडी व सर्वे तथा आदि कार्यों को लेकर सीएमओ तथा आशा बहुओं की कोडिनेटर रानू और सूर्य कांत जिलाधिकारी का नाम लेकर नौकरी से निकलवाने तथा भुगतान रोकने की धमकी दे कर जबरिया कार्य करवा रहे हैं जिससे सभी आशाएं परेशान होकर अपनी फरियाद लेकर जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंची जहां पर डीएम के ना मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया है।

# महिला पदाधिकारी पर दीवानी में हुए हमले से हिंदूवादी संगठन में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। भारतीय हिंदू सेवा संस्था की मातृशक्ति प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष सीमा सिंघल पर बुधवार 29 मई 2024 को हुए जानलेवा हमले पर संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और अधिकारियों के निर्देश के बाद भी हमलावरों के खिलाफ मामूली धारा में मुकदमा दर्ज कर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि श्रीमती सीमा सिंघल पर उन्हीं



के पति व ससुराली जनों ने दिनदहाड़े पारिवारिक न्यायालय के बाहर जमकर मारपीट करते हुए जान लेने की कोशिश की। अदालत परिसर में तैनात पुलिस कर्मियों ने हमलावरों को ना तो मारपीट करने से रोका और ना ही उनको पकड़ सके। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे और दीवानी चौकी न्यू आगरा थाना जाकर शिकायत की लेकिन वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने मुकदमा लिखने से साफ इनकार कर दिया। बाद में उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई तो उनके निर्देश पर पति दीपक सिंघल, देवर मोनू अग्रवाल, ससुर महेश सिंघल और दीपक पति की प्रेमिका शोभा चौधरी के विरुद्ध मामूली धाराओं 323, 504 व 506 मैं मुकदमा दर्ज कर जानलेवा हमले को रफा दफा कर दिया। जबकि दीपक सिंघल अपने साथ कई महिलाओं और पुरुषों को हमला करने के लिए साथ लाया था। पुलिस ने मात्र चार लोगों के खिलाफ मामूली धारा में मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की इस लापरवाही की शिकायत मुख्यमंत्री एवं डीजीपी को पत्र लिखकर समूचे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए मुकदमे में जानलेवा हमले की धारा बढ़ाने और आरोपियों को गिरफ्तारी कर जेल भेजने की मांग की गई है। वहीं अगर 15 दिन में पुलिस प्रशासन ने उपरोक्त मांग पूरी न कर हमलावरों को जेल नहीं भेजा तो संस्था द्वारा अहिंसा पूर्वक आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन में अन्य महिला संगठनों का भी पूर्ण समर्थन रहेगा। आक्रोश व्यक्त करने वालों में भारतीय हिंदू सेवा संस्था मातृशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष राखी अग्रवाल, अंशु शर्मा, सीमा गोयल, संजय राठौर, सत्य प्रकाश अग्रवाल, निर्मल मथुरिया, महेंद्र सिंह ओम, अंकित अग्रवाल, विजेंदर राठौर, सुरेंद्र सुरीला, चरन सिंह राठौर, मौनी राठौर, विशाल राठौर, रामवीर कर्दम, सलीम उस्मानी, दर्शना सिंह, उजमा खान उर्फ मुन्नी, सुरेश पारस, हर्ष अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, प्रमोद कश्यप, डोरी लाल, सुनील राठौर, धर्मेंद्र सिकरवार, संजय सिंह, अनिल कुमार, भोपाल सिंह, अनुज उपाध्याय, अजय चौधरी आदि

## संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की खंड विकास अधिकारी ने की सराहना

ब्यूरो प्रमुख असद हुसैन

बाजार शुक्ल,अमेठी, अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज मे अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यवर्गीय परिवार मे जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि. के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक,साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल,शिक्षा,चिकित्सा एवं कृषि क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्धजनों से




मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं उसी क्रम मे कार्यालय खंड विकास अधिकारी शुकुलबाजार पहुंचकर खंड विकास अधिकारी अंजली सरोज से मुलाकात कर संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया प्रमुख रुप से लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान एवं यूपी बोर्ड परीक्षा मे उत्तीर्ण मेघावी विद्यार्थियों का प्रोत्साहन तथा गौशालाओं के बारे मे अवगत कराया वहीं आगामी कार्यों मे वृक्षारोपण अभियान के बारे मे भी चर्चा हुई खंड विकास अधिकारी अंजली सरोज ने संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि. द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना की समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे।

## संस्था प्रबंधक ने प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के धनी महेन्द्र विजय सिंह से मुलाकात कर की सामाजिक विषयों पर चर्चा

ब्यूरो प्रमुख असद हुसैन

बाजार शुक्ल,अमेठी, अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज मे अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यवर्गीय परिवार मे जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि. के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक,साहित्यिक,



सांस्कृतिक, खेल,शिक्षा,चिकित्सा एवं कृषि क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं उसी क्रम मे राजपूत राइस मिल शुकुलबाजार पहुंचकर प्रतिष्ठित व्यवसायी महेन्द्र विजय सिंह से मुलाकात कर श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया एवं संस्था द्वारा आगामी कार्यों के बारे मे चर्चा की तथा मार्गदर्शन प्राप्त किया वहीं महेन्द्र विजय सिंह ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं निस्वार्थ भावना से संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि. द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना की समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे।

## प्रयासः आगरा के व्यापारियों की आवाज बना श्व्यापारी सहायता केंद्रश का ग्रुप

**ग्रुप के एडमिन जय पुरसनानी किसी भी समस्या का प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से कराते हैं तुरंत समाधान**

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। आगरा शहर के व्यापारी नेता, आगरा व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी जय पुरसनानी ने एक अच्छा प्रयास करते हुए शहर के व्यापारियों की समस्याओं एवं उनकी आवाज को उठाने के लिए एक (व्यापारी सहायता केंद्र) के नाम से व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाया। उन्होंने इस ग्रुप में शासनिक प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के लोगों को जोड़ते हुए शहर के ज्यादातर व्यापारियों को ऐड कर अपनी कोशिश को अंजाम दिया। इसके बाद सभी के सहयोग से यह ग्रुप आज व्यापारियों की हर समस्या के समाधान के लिए उनकी आवाज बन चुका है। आगरा शहर के लगभग सभी व्यापारी इस ग्रुप से जुड़ चुके हैं, इसी के साथ शहर के ज्यादातर विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी इस ग्रुप से जुड़े हुए हैं। ग्रुप के एडमिन जय पुरसनानी सभी के सहयोग से व्यापारियों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने के लिए



सभी के सहयोग से पूरा प्रयास करते हैं। इस तरह से व्यापारियों को एक अच्छा प्लेटफार्म उन्होंने प्रदान किया है समस्याओं के समाधान के लिए। व्यापारियों के बीच यह व्हाट्सएप ग्रुप (व्यापारी सहायता केंद्र) उनकी आवाज बनते हुए चर्चा का केंद्र बना हुआ है। ग्रुप के एडमिन जय पुरसनानी ने बताया कि आगरा के व्यापारियों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए यह व्यापारिक सहायता केंद्र एक जरिया बन चुका है। ग्रुप में जुड़े हुए व्यापारीगण बहुत ही भरोसे एवं विश्वास के साथ अपनी समस्या को व्यापारी सहायता केंद्र के ग्रुप में रखते हैं कि उनकी समस्या का तुरंत समाधान होगा। उन्होंने बताया कि आज भी नगर निगम में अपर नगर आयुक्त द्वारा कई माह से विलंबित पड़ी तीन समस्याओं को 24 घंटे में समाधान कर दिखाया इसके लिए हम उनके आभारी हैं। उन्होंने बताया कि इस ग्रुप में आगरा के हर विभाग के तकरीबन सभी प्रशासनिक अधिकारी जुड़े हुए हैं और ग्रुप पर समस्या आते ही तुरंत समाधान करवाने में सहयोग करते हैं। जय पुरसनानी ने बताया कि व्यापारियों के साथ-साथ अधिकारियों का भी भरोसा और सहयोग इस ग्रुप पर है जो की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। जनता और व्यापारियों और अधिकारी एक साथ मिलकर ग्रुप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं ग्रुप एडमिन होने के नाते अधिकारियों व्यापारियों व जनता का बहुत-बहुत आभारी हूं कि सभी ने मुझ पर भरोसा रखते हुए इस ग्रुप में बने रहकर इस ग्रुप को व्यापारियों की समस्याओं के निवारण हेतु समाधान हेतु ग्रुप को ख्याति व ऊंचाइयां प्रदान की। स्ट्रीट लाइट, सीवर समस्या या किसी भी तरह की समस्या नगर निगम, जीएसटी विभाग एवं पुलिस ट्रैफिक आदि सभी समस्याओं का समाधान उन्हें विभागों के बड़े अधिकारियों द्वारा समाधान कराया जा रहा है। सभी विभागों के अधिकारियों का समस्याओं के समाधान करने में पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। मैं आगरा के सभी व्यापारियों की ओर से सभी शासकीय व प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

## सर्वसमाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

### विमल महेश फाउंडेशन ने किया धनगर समाज के नागरिकों का स्वागत, मिष्ठान और शरबत वितरण किया

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती बघेल बगीची, ग्राम रायभा में सर्वसमाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विमल महेश फाउंडेशन के संयोजक महेंद्र कुमार जैन द्वारा महारानी अहिल्याबाई की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अहिल्याबाई जी के धर्मार्थ कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विमल महेश फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवेश शर्मा ने बताया कि महारानी अहिल्याबाई जी के द्वारा अनेकानेक धर्मार्थ कार्य सर्वसमाज हेतु किए गए। अहिल्याबाई जी ने काशी, द्वारका, केदारनाथ, बद्रीनाथ, उज्जैन, अयोध्या, गयाजी, नासिक, पुष्कर, प्रयागराज, चित्रकूट, अमरकंटक इत्यादि तीर्थो में अनगिनत धर्मार्थ कार्य कराए। महारानी अहिल्याबाई जी का भारतीय संस्कृति में योगदान अद्वितीय है। इस दौरान विमल महेश फाउंडेशन की ओर से धनगर समाज के सभी लोगों श्रीदेवी सिंह, अतर सिंह, व्यास जी महाराज, केशव बघेल, डॉ गोविंद सिंह, भोपाल सिंह, प्रभु बघेल, ठाकुर शिशुपाल सिंह, गुलाब सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विमल महेश फाउंडेशन की ओर से दिनेश केसरवानी, सुभाष अग्रवाल, मुरली महा, रघुराज चौधरी, शिवम वर्मा, गिरीश वर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विमल महेश फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवेश शर्मा ने बताया कि देवी अहिल्याबाई की जयंती के शुभ अवसर पर मिष्ठान और शरबत का वितरण किया गया। जयंती कार्यक्रम में काफी संख्या में सर्वसमाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई आगरा विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। शुक्रवार को मण्डलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में आगरा विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रगतिमान आगरा मास्टर प्लान 2031 में शासकीय समिति द्वारा जारी किए गये संशोधन के निर्देशों पर चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि



शासन से प्राप्त संशोधन को ध्यान में रखते हुए लैण्ड यूज का मौके पर परीक्षण किया जाए, तदानुसार मास्टर प्लान में संशोधन किया जाए। प्राशासनिक स्तर पर भी लैण्ड यूज से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराते हुए फाइनल मास्टर प्लान तैयार किया जाए। आगरा विकास प्राधिकरण की सीमा विस्तार की समीक्षा करते हुए आगामी बोर्ड बैठक में संशोधित प्रस्ताव लाने एवं जोनल प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित ककुआ एवं भांड़ई टाउनशिप योजना की समीक्षा की गयी। अवगत कराया गया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। जल्द पूरी भूमि अधिग्रहण किए जाने के निर्देश दिए। टाउनशिप ले आउट एंव डेवलपमेंट की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आगामी बोर्ड बैठक में ले आउट और आवासीय/अनावासीय संम्पत्तियों के दर की स्वीकृत मिलते ही टाउनशिप का विकास कार्य शुरू करा दिया जाए। आधुनिकता एवं स्मार्ट सिटी की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए टाउनशिप का विकास कराया जाए। वर्तमान में विकास प्राधिकरण के कार्य-योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। वहीं आगामी जून माह में होने वाली विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक को लेकर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि शहर में कराये जाने वाले नये विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव व आंगणक तैयार किये जाएं। सौन्दर्यीकरण हेतु थीम पेंटिंग, फसाड़ लाईटिंग, प्लांटेशन के नये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया परशुराम विप्र जागृति ट्रस्ट ने अपना प्रथम स्थापना दिवस

**श्री बांके बिहारी एवं भगवान परशुराम का हुआ पूजन व हवन-यज्ञ के साथ की गई भोग, आरती**

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। परशुराम विप्र जागृति ट्रस्ट ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अपना प्रथम स्थापना दिवस कार्यालय इंद्रापुरम राजपुर चुंगी पर पदाधिकारीयों वरिष्ठ, सक्रिय, सदस्यों के साथ मनाया। सर्वप्रथम पांच विद्वान पंडितों जिसमें मुख्य पंडित देवेंद्र शास्त्री, पंडित रमेश पुरी, पंडित बृजमोहन शास्त्री, पंडित उमाकांत उपाध्याय, पंडित राहुल पचौरी द्वारा हवन पूजन प्रारंभ किया गया। पूजन में सर्वप्रथम श्री गणेश जी के आव्हान के उपरांत पंडित जी द्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज पाण्डेय से श्री बांके बिहारी भगवान परशुराम जी का पूजन कराया उसके बाद संपूर्ण हवन किया गया। हवन सम्पूर्ण होने के उपरांत भगवान परशुराम जी एवं श्री बांके बिहारी जी का भोग, आरती की गई। उसके बाद परशुराम विप्र जागृति ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने 2023-24 में ट्रस्ट द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों का जिसमे मुख्य रूप विप्र सम्मान समारोह, सर्व ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन,




पार्षद सम्मान समारोह, एक शाम शहीदों के नाम, हरियाली तीज, दीप उत्सव रोजगार मेला सहित अन्य पर वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया। ट्रस्ट द्वारा 2024-25 में होने वाले आयोजनों पर प्रकाश डालते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारियों सदस्यों को दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही बर्ष भर से ट्रस्ट एवं समाज हित में तन मन धन से कार्य कर रहे पदाधिकारी सदस्यों को अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने भगवान परशुराम जी का चित्र देकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर कर सम्मानित किया जिसमें मुख्य रूप से हरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, अमित शर्मा, कमलेंद्र शर्मा व संजय शर्मा रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसादी वितरण की गई। स्थापना दिवस में मुख्य रूप से महासचिव संजय शर्मा, सचिव लक्ष्मीकांत शर्मा, ललित नारायण शर्मा, लेखा प्रभारी सुनील दत्त उपाध्याय, सह कोषाध्यक्ष कमलेंद्र शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रुचि द्विवेदी, राजीव शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्रमिक), जिला उपाध्यक्ष पवन शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी मोहन उपाध्याय, जिला सचिव अनिल शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष राजीव उपाध्याय, उपाध्यक्ष अनिल मुद्गल, बाह विधानसभा अध्यक्ष अमित शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, किरावली सभासद लक्ष्मीकांत शुक्ला, छावनी परिषद अध्यक्ष शमी दुबे, सोनू शर्मा, रामनिवास शर्मा, बृजेश शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, राहुल शर्मा, आनंद मोहन शर्मा, अनुज चतुर्वेदी, रॉबिन शर्मा, अवनीश शर्मा, रुचि शर्मा, मंजू उपाध्याय, ललिता पाठक, सुनीता त्रिवेदी, अंजली दुबे, अनुराधा पाठक, आरती शर्मा उपस्थित रही।

## रामकथा सुन भावविभोर हुए स्रोता

### राम सीता हनुमान वर्णन में बताया ज्ञान का सार

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। तहसील खेरागढ़ के गाँव गडरपुरा में चल रही रामकथा में शुक्रवार को परमपूज्य जगद्गुरू रामानन्दाचार्य कामदगिरि पीठाधीश्वर श्री रामस्वरूपाचार्य जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने राम कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा व्यास ने कहा कि रामकथा के श्रवण मात्र से जीवन से जुड़े संकट स्वतरू ही दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम के चरित्र से यह सीखा जा सकता है कि जीवन की कठिनाइयों का कैसे





सामना करना है। सलाह दी कि यदि भक्त रामकथा सुने तो उनके कष्ट खुद ही दूर हो जाते हैं। हर भक्त को चाहिए कि राम नाम का जप सदैव करते रहें। उन्होंने वीर हनुमान की भक्ति की व्याख्या करते हुए कहा कि हनुमान के हृदय में केवल राम और सीता के अलावा कुछ भी नहीं था। कहा कि जब भगवान राम ने राज्याभिषेक के बाद हनुमान को मोतियों की माला भेंट की तो हनुमान माला के मोतियों को दांत से काट-काट कर उसमें राम की तलाश करने लगे। यह हनुमान की भक्ति की शक्ति ही थी, उन्होंने अपना सीना चीर कर दिखाया था कि उनके प्रभु राम हमेशा उनके हृदय में वास करते है। इसी लिए आज भी कहा जाता है कि भक्ति हो तो हनुमान जैसी। रामकथा में कथा व्यास जी दर्जनों भक्तों ने स्वागत किया। कथा आयोजक ने कथा की समाप्ति पर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के ष्टिगत स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था व मतगणना की तैयारियों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

ब्यूरो प्रमुख असद हुसैन

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में बनाए गए स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन



का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया एवं समस्त तैयारियां ससमय सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बताते चलें कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 4 जून 2024 को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में होनी है जिसकी तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर मतगणना को लेकर की जा रही समस्त व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल पर मजबूत बैरिकेडिंग, जाली, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत मतगणना हाल में ए0सी0 लगवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मतगणना से पूर्व समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

## तंबाकू का प्रयोग न करने की दिलाई गई शपथ, चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर परमुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में इस वर्ष के विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की थीम प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रन फ्रॉम टोबेको इंडस्ट्री इंटरफेंस च्तव. जमबजपदह बीपसकतमद तिवउ जवइंबबव पदकनेजतल पदजमतमितमदबम पर मनाया गया। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर डा0 अमित रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रशासन) आगरा की उपस्थित में डा0 सुरेन्द्र मोहन प्रजापति, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय तम्बाकू निंयत्रण कार्यक्रम) आगरा द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों, शिक्षकों, एनजीओ व जनमानस को तम्बाकू व धूमपान के सेवन से होने वाली हॉनियों व दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुये तम्बाकू उत्पादों का उपयोग व धूमपान का सेवन न करने,



अपने परिजनों, मित्रों, परिचितों में जागरूकता की शपथ दिलवाया व हस्ताक्षर अभियान भी कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम उपरान्त अपरान्ह एक–बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा के सभागार में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्राईवेट चिकित्सक, शिक्षकों, व कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं एनजीओ प्रतिनिधियों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी में शीलेन्द्र कुमार शर्मा, जिला सूचना अधिकारी आगरा सहित राजेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी आगरा द्वारा तम्बाकू से होने वाले हानियों एवं दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और तम्बाकू छोड़नें के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में डा0 सुरेन्द्र मोहन प्रजापति, नोडल अधिकारी, डा0 धर्मेश श्रीवास्तव,अरबन प्रभारी, डा0 एस के राहुल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रशासन), डा0 नन्दन सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 अंशुल पारीख, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 विजया अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी (आईडीएसपी), डा0 राजेश मिश्रा, बाल रोग विशेषज्ञ, जिला महिला चिकित्सालय आगरा,नीरज कुमार सहायक मलेरिया अधिकारी,अनिल सत्संगी,पंकज जैसवाल उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी,भूरी सिंह,एआरओ, श्रीमती पूजा कुलश्रेष्ठ, एनटीसीपी काउन्सलर,दिलीप कुमार वर्मा, नीरज सैनी,भूपेन्द्र सिंह आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। विश्व तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्षय में तम्बाकू सेवन से होने वाली हॉनियों एवं दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी एवं जागरूकता के दृष्टिगत विभिन्न कार्यक्रम गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। इस क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा डा0 अरूण कुमार श्रीवास्तव द्वारा ब्लॉक सामु0स्वा0केन्द्र सैंया आगरा में चिकित्साधीक्षक डा0 श्रृषि गोपाल शर्मा, श्री कुलदीप भारद्वाज, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एनएचएम की उपस्थिति में आयोजित जागरूता कार्यक्रम गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया, जिसमें उपस्थित सभी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा द्वारा किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन न करने एवं इसके प्रति परिजनों मित्रों को भी प्रेरित करने के साथ, इसके दुष्प्रभावों से बचाने में योगदान देने की शपथ दिलाई। विचार गोष्ठी में डिप्टी सीएमओ डॉ.सुरेन्द्र मोहन प्रजापति ने बताया कि जो माता पिता तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं उनके बच्चे भी तंबाकू सेवन या धूम्रपान के लिए प्रेरित होते हैं। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने तंबाकू से संबंधित उनकी निजी जिंदगी या समाज के अनुभव बांटे, गोष्ठी में बताया गया कि तंबाकू से प्रतिवर्ष 13 लाख मौत होती हैं, लुभावने विज्ञापन, मार्केटिंग, एडवरटाइजमेंट, तंबाकू इंडस्ट्री ने आम जन को तंबाकू सेवन के प्रति प्रेरित किया है, तंबाकू कैंसर रोगी ही नहीं नपुंसक या बांझपन का भी बड़ा कारण है। अपने आने वाली पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों से बचाने के लिए समाज में जागरूकता लाएं, चर्चा करें तथा तंबाकू छोड़ने हेतु भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर पर 1800112356 पर निशुल्क सलाह उपलब्ध है तथा सभी जिला अस्पताल, सीएचसी पीएचसी पर भी नशा मुक्ति हेतु कार्य किए जा रहे हैं। गोष्ठी के अन्त में डा0 सुरेन्द्र मोहन प्रजापति उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम आगरा द्वारा गोष्ठी में सभी उपस्थित अतिथियों/अधिकारियों/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया साथ ही अनुरोध किया गया कि आस पास व सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों को भी तम्बाकू सेवन से होने वाली हानियों की जानकारी दे, ताकि हमारा समाज/ पर्यावरण तम्बाकू मुक्त हो सके। गोष्ठी में डॉ. सुरेन्द्र मोहन, डॉ. एस के राहुल, नीरज कुमार, दिलीप आदि मौजूद रहे।

## चोरों के हौसले बुलंद सराय मुगला गांव में थाने की पुलिस सोती रही और एक ही रात में दो घरों में अलग-अलग हुई चोरियां

उमानाथ यादव

रायबरेली। थाना मिलरिया क्षेत्र के अंतर्गत सराय मुगला गांव में बृहस्पतिवार की रात को स्थानी थाना क्षेत्र में रात भर कोरिया होती रही और स्थानीय पुलिस अपनी नींद की आगोश में सोती रही जबकि पुलिस अधीक्षक रायबरेली दावे के साथ कहती हैं कि स्थानीय पुलिस प्रशासन चोरियों पर अंकुश लग रहा है लेकिन फिर भी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है जो की रात में ही दो घरों में अलग–अलग हुई चोरी दिनेश कुमार गुप्ता अपने घर में अपने कमरे में सोए हुए थे तभी चोरों ने उनकी मां के कमरे का ताला तोड़ कर जेवरात एवं नगदी उड़ा ले गए चोरों के हौसले इस क़दर बुलंद हैं कि कल रात दुसरे घर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया ग्राम प्रधान सराय मुगला को सूचना दी गई पूरा गांव आ गया पर प्रधान मौके पर नहीं पहुंचे ऐ सोचने का विषय है?

## जिला अस्पताल के रैन बसेरा में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव पहुंची पुलिस जांच में जुटी

उमानाथ यादव

रायबरेली के जिला अस्पताल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची अस्पताल चौकी की पुलिस ने शव को क़ब्जे में पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया है और जांच पड़ताल में जुड़ गई है घटना आज दिनांक 30 मई 2024 दिन गुरुवार को समय करीब 4रू00 बजे के आसपास की है।यहां रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल की रैन बसेरा में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेजती है और जांच पड़ताल में जुड़ गई है जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉक्टर प्रशांत तिवारी ने बताया कि एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा एमरजेंसी में लाया गया था।जिसकी मौत हो चुकी थी जांच के बाद मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है।

## हीट स्ट्रोक के कारण दरोगा की हुई मौत दरोगा स्ट्रांग रूम में कर रहा था ड्यूटी

उमानाथ यादव।

रायबरेली –शुक्रवार की दोपहर रायबरेली जनपद के गोरा बाजार स्थित आईटीआई में मत पेटियों की सुरक्षा मिल एरिया थाने के दरोगा हरिशंकर की ड्यूटी लगाई थी लेकिन इस समय हीट वेव होने के कारण वह अत्यधिक गर्मी होने से दरोगा हरिशंकर को पहले गर्मी के कारण चक्कर आया उसके बाद साथियों ने आनंद–खनन में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर दरोगा हरिशंकर की रास्ते में मौत हो गई इसकी पुष्टि अस्पताल प्रशासन के द्वारा कर दिया गया है



क्योंकि इस समय जनपद में पर 45 डिग्री के ऊपर चल रहा है जिसके चलते दरोगा को हार्ट अटैक होने के कारण मृत्यु हो गई जिसकी सूचना पाते ही पुलिस प्रशासन की ओर से अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह व सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त किया और मृतक दारोगा के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई

## तेंदुए की तलाश के लिए दो और कैमरे लगाए गए

**चंदौली।** क्षेत्र के अरंगी गांव में तेंदुआ के हमले के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की ओर से नाइट विजन कैमरे लगवाए गए हैं। डिप्टी रेंजर सीएन त्रिपाठी के नेतृत्व में वन कर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया लेकिन तेंदुए का पता नहीं चला। अरंगी गांव में तेंदुएं ने दो दिन पहले एक युवक पर हमला दिया था। वन विभाग की ओर से बुधवार को चार नाइट विजन कैमरे लगाए गए थे लेकिन तेंदुआ की कोई गतिविधि अभी तक में रिकॉड नहीं हो सकी है। बृहस्पतिवार को भी अरंगी पहुंचे डिप्टी रेंजर सीएन त्रिपाठी ने दो और कैमरे लगाए। वहीं, उनके नेतृत्व में वनकर्मियों ने नदी के आसपास तलाशी अभियान चलाया।

## लू लगने से ट्रक परिचालक व रिक्शा चालक की मौत

**चित्रकूट।** लू लगने से ट्रक परिचालक व एक ई रिक्शा चालक की हालत खराब हो गई। इलाज के लिए सामुदायिक अस्पातल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। प्रयागराज जिले के थाना नवाबगंज महेशगंज निवासी ट्रक चालक देशराज ने बताया कि राजापुर क्षेत्र के तीरमऊ बरूआ घाट में ट्रक बालू लेने के लिए जा रहा था। उसके परिचालक रामू मौर्या (50) की अचानक तबीयत खराब हो गई। उल्टी होने पर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दावा किया कि लू लगने से मौत हुई है। इसी क्रम में राजापुर क्षेत्र के रूपौली गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम को उसका भाई राजा (40) ई रिक्शा लेकर राजापुर आया था। अचानक लू लगने से गल्ला रोड के पास उसकी मौत हो गई।

## पत्नी चुनावी सभा में गई तो नाराज पति ने चाकू से काट लिया अपना पैर


राजगढ़। थाना क्षेत्र के एक गांव में बिना बताए पत्नी चुनावी सभा में गई तो नाराज पति ने बुधवार की रात चाकू से अपना पैर काट लिया। गंभीर रूप से जख्मी पति को परिजन सीएचसी राजगढ़ ले गए। जहां उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने पति को बिना बताए बुधवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुनावी सभा में बरकछा कल गई थी। बुधवार को शाम को सभा से घर लौटने पर पति द्वारा पूछे जाने पर पत्नी ने चुनावी सभा में जाने की बात कही। इस पर पति आक्रोशित हो गया। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद भी हुआ। विवाद बढ़ने पर पति ने चाकू से अपना पैर काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी राजगढ़ ले गए। जहां पति का उपचार चल रहा है।

## चुनाव का शोर थमा, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**चंदौली।** लोकसभा चुनाव के लिए अंतिम चरण में एक जून को होने वाले मतदान के लिए जिले में बृहस्पतिवार की शाम को प्रचार का शोर थम गया। शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। एक जून को 1541 मतदान केंद्रों पर वोट पड़ेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मतदान की तैयारियों की जानकारी दी। जिले में एक जून को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। जिले में 1541 मतदान केंद्रों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार की सुबह छह बजे से नवीन मंडी परिसर से रवाना होंगी।

## अपने जन्मदिन पर पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया सन्देश

ब्यूरो प्रमुख प्रद्युम्न कुमार यादव







देवरिया। जहां एक तरफ युवा पीढ़ी ने आधुनिकता और भौतिकता को तवज्जो देकर प्रकृति प्रदत्त सौन्दर्य फूल–पत्तियां व पौधों के संरक्षण को नजर अंदाज कर यांत्रिक भोग विलास को अपनाया है, जिसका दुष्परिणाम आज ग्लोबल वार्मिंग के रूप में देखने को मिल रहा है। वहीं पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन की भावना से प्रेरित सोहनपुर निवासी मिशन ग्रामोदय के संचालक जगरनाथ यादव के छोटे बेटे सूर्यांशु यादव छोटू ने अपने सोलहवें जन्म दिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की कड़ी में एक मिशाल पेश किया है। पूछने पर छोटू ने कहा कि सुरक्षित जीवन धरा नहीं तो खुशियों से आंगन भरा नहीं। अर्थात हमारा जीवन स्वस्थ व सुखमय तभी सम्भव है, जब हम पर्यावरण संरक्षण के अपने कर्तव्य को निभायेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रण लिए हें कि अपने प्रत्येक जन्मदिवस पर जीवन पर्यन्त एक वृक्ष अवश्य लगाएंगे। छोटू के इस कार्य की कमल पटेल, सुरेश प्रसाद, पुनीत पाण्डेय, हिमांशु यादव, प्रियांशु यादव, सतीश कुमार, अमीरूद्दीन अंसारी, जंग बहादुर यादव, रजनीश कुमार भोलू, बिट्टू कुमार, पंकज यादव सहित उपस्थित लोगों ने भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए छोटू के दीर्घायु जीवन व सुखमय सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## महिला पदाधिकारी पर दीवानी में हुए हमले से हिंदूवादी संगठन में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। भारतीय हिंदू सेवा संस्था की मातृशक्ति प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष सीमा सिंघल पर बुधवार 29 मई 2024 को हुए जानलेवा हमले पर संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और अधिकारियों के निर्देश के बाद भी हमलावरों के खिलाफ मामूली धारा में मुकदमा दर्ज कर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि श्रीमती सीमा सिंघल पर उन्हीं के पति व ससुराली जनों ने दिनदहाड़े पारिवारिक न्यायालय के बाहर जमकर मारपीट करते हुए जान लेने की कोशिश की। अदालत परिसर में तैनात पुलिस कर्मियों ने हमलावरों को ना तो मारपीट करने से रोका और ना ही उनको पकड़ सके।



जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे और दीवानी चौकी न्यू आगरा थाना जाकर शिकायत की लेकिन वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने मुकदमा लिखने से साफ इनकार कर दिया। बाद में उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई तो उनके निर्देश पर पति दीपक सिंघल, देवर मोनू अग्रवाल, ससुर महेश सिंघल और दीपक पति की प्रेमिका शोभा चौधरी के विरुद्ध मामूली धाराओं 323, 504 व 506 मैं मुकदमा दर्ज कर जानलेवा हमले को रफा दफा कर दिया। जबकि दीपक सिंघल अपने साथ कई महिलाओं और पुरुषों को हमला करने के लिए साथ लाया था। पुलिस ने मात्र चार लोगों के खिलाफ मामूली धारा में मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की इस लापरवाही की शिकायत मुख्यमंत्री एवं डीजीपी को पत्र लिखकर समूचे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए मुकदमे में जानलेवा हमले की धारा बढ़ाने और आरोपियों को गिरफ्तारी कर जेल भेजने की मांग की गई है। वहीं अगर 15 दिन में पुलिस प्रशासन ने उपरोक्त मांग पूरी न कर हमलावरों को जेल नहीं भेजा तो संस्था द्वारा अहिंसा पूर्वक आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन में अन्य महिला संगठनों का भी पूर्ण समर्थन रहेगा। आक्रोश व्यक्त करने वालों में भारतीय हिंदू सेवा संस्था मातृशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष राखी अग्रवाल, अंशु शर्मा, सीमा गोयल, संजय राठौर, सत्य प्रकाश अग्रवाल, निर्मल मथुरिया, महेंद्र सिंह ओम, अंकित अग्रवाल, विजेंदर राठौर, सुरेंद्र सुरीला, चरन सिंह राठौर, मौनी राठौर, विशाल राठौर, रामवीर कर्दम, सलीम उस्मानी, दर्शना सिंह, उजमा खान उर्फ मुन्नी, सुरेश पारस, हर्ष अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, प्रमोद कश्यप, डोरी लाल, सुनील राठौर, धर्मेंद्र सिकरवार, संजय सिंह, अनिल कुमार, भोपाल सिंह, अनुज उपाध्याय, अजय चौधरी आदि हैं।

## आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में मासूम सहित चार लोग गंभीर रूप से हुए घायल,

उमानाथ यादव। रायबरेली बछरावां थाना क्षेत्र के नंदा खेड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह एक भीषण हादसा हुआ जिसमें दो कर सवार आमने–सामने से टक्कर हो गई बांदा बहराइच मार्ग में लालगंज से बछरावां की तरफ जा रहे कार सवार एवं बछरावां से लालगंज की ओर आ रहे कर सवार के बीच का मामला





बताया जा रहा है बछरावां रायबरेली में हुआ भीषण सड़क हादसा, दो कारों की आमने–सामने हुई जोरदार टक्कर में मासूम सहित चार लोग गंभीर रूप से हुए घायल, मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत नंदा खेड़ा गांव के पास का है जहां तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही दूसरी कार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मासूम बच्चों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायल मऊ जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं, स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया।

# आइए हम सब मिलकर इस तपती भयंकर गर्मी में पशु - पक्षियों की मदद करें : वरिष्ठ समाजसेवी अरविन्द पुष्कर एडवोकेट

## अपील - भयकंर गर्मी में पशु - पक्षियों के लिए छाया, पानी और भोजन का प्रबंध करें : वरिष्ठ समाजसेवी अरविन्द पुष्कर एडवोकेट

आगरा। ताजनगरी और उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में भयंकर गर्मी का प्रकोप बरस रहा है। इस गर्मी से सिर्फ़ इंसान ही नहीं, बल्कि नन्हें–नन्हें पक्षी भी परेशान हैं। हर साल गर्मी के मौसम में न जाने कितने पक्षी प्यास और हीटस्ट्रोक का शिकार हो कर जान दे देते हैं। हम यदि एक छोटी–सी कोशिश करें, थोड़ी–सी मानवता दिखाएं और अपने घर–ऑफ़िस में आने वाले पक्षियों के लिए पानी और आश्रय का प्रबन्ध करें, तो गर्मी के कारण होने वाली पक्षियों की मौत में काफ़ी कमी आ सकती है। ये बात आगरा के सुप्रशिद्ध एवं लोकप्रिय वरिष्ठ समाजसेवी अरविन्द पुष्कर एडवोकेट व उनका परिवार भी खूब समझता हैं। इस सन्दर्भ में उन्होंने सभी से अपील करते हुये कहा कि अभी से भयंकर गर्मी पड़ रही है।



इस तपती गर्मी में जब मनुष्य का बुरा हाल है तो सोचिए बेजुबान प्राणियों का क्या हाल होगा? जिले में गर्मी बढ़ने लगी है। नोतपा और आने वाले जेठ महीने में और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है। तो आइए हम सब मिलकर इस तपती भयंकर गर्मी में पशु – पक्षियों की मदद करें और इन बेजुबान पशु – पक्षियों के लिए छाया, पानी और भोजन का प्रबंध करें। क्योंकि इस भयंकर गर्मी में मनुष्य के साथ–साथ सभी प्राणियों को खाना पानी की आवश्यकता होती है। वैसे तो पशु – पक्षी बहुत मेहनती होते हैं और अपने लिए दाने की व्यवस्था खुद कर लेते हैं, लेकिन गर्मियों में ज़रूरी है कि उन्हें कम–से–कम उड़ना पड़े। वो जितना उड़ेंगे, उन्हें उतनी ही पानी की ज़रूरत होगी और हीटस्ट्रोक का ख़तरा भी उतना ही होगा। पानी के साथ अगर हम उनके लिए छाया और खाना भी रख देंगे, तो उन्हें ज़्यादा भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन बेजुबान पशु – पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, इसलिए तपती गर्मी में अपने घरों के बाहर एवं छतों पर पानी के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। घरों के बाहर पानी के बर्तन भरकर टांगें, या बड़ा बर्तन अथवा कोटना पानी भरकर रखें, जिससे मवेशी व परिंदे पानी देखकर आकर्षित होते हैं। अगर सम्भव हो तो छत में भी पानी की व्यवस्था करें, छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रखें। पक्षियों के लिए चना, चावल, ज्वार, गेंहूं आदि जो भी घर में उपलब्ध हो उस चारे की व्यवस्था छतों में करें और कम पानी वाले जल स्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु–पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। आइए हम सब मिलकर इस भीषण गर्मी में मानवता दिखाएं। अपने घर की छत या घर के बाहर पशु, पक्षियों के दाना, पानी की व्यवस्था करें। ये एक पुण्य कार्य तो है ही साथ ही इससे आपके कई दोष भी शांत होते है। इंसानियत के लिए मानव होकर यह पुनीत कार्य अवश्य करे। जितना हो सके सभी बेजुबान पशु – पक्षियों के लिए दाना – पानी की व्यवस्था करे। बस ध्यान रखें कि परिंडा और पानी नियमित साफ हो। समय समय पर मिट्टी का बर्तन साफ करते रहे, काई न जमने दें। आप इस भयंकर व तपती गर्मी में पशु – पक्षियों के लिए रोज़ दाना – पानी रख कर उनकी जान बचाएं। इस नेक कार्य को करके आप भी पशु – पक्षियों को जीवन–दान दे सकते हैं। तो आइए हम सब मिलकर इस तपती गर्मी में पशु – पक्षियों की मदद करेंगे, जिससे कि वो अपनी चहचहाहट से हमारा वातावरण हमेशा गुलज़ार करते रहें। इस नेक कार्य को करके आप भी पशु पक्षियों को जीवन–दान दे सकते हैं।

# अभ्यास मैच से तैयारियों को पुख्ता करना चाहेगा भारत, जानें कब और कहां देख सकेंगे मैच

**न्यूयॉर्क।** भारत मुख्य टूनार्मेंट में उतरने से पहले सिर्फ एक ही अभ्यास मैच खेलेगी और उसकी कोशिश होगी कि जल्द से जल्द न्यूयॉर्क की परिस्थिति में ढल सके। टी20 विश्व कप का आयोजन इस बार अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है। भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुआई में पांच जून को टी20 विश्व कप का अभियान शुरू करेगी, लेकिन उससे पहले टीम शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। भारत मुख्य टूनार्मेंट में उतरने से पहले सिर्फ एक ही अभ्यास मैच खेलेगा और उसकी कोशिश होगी कि जल्द से जल्द न्यूयॉर्क की परिस्थिति में ढल सके। टी20 विश्व कप का आयोजन इस बार अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है। कोहली के खेलने पर संशय बरकरार भारतीय टीम 26 मई को अमेरिका पहुंच गई थी और टीम ने बुधवार से अभ्यास सत्र शुरू कर दिया था।




विराट कोहली को छोड़कर टीम के सभी सदस्य न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। कोहली भी गुरुवार रात न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गए थे और जल्द टीम से जुड़ेंगे, लेकिन उनके अभ्यास मैच में हिस्सा लेने पर संशय बरकरार है। बांग्लादेश का पहला अभ्यास मैच अमेरिका से था जो बारिश की भेंट चढ़ गया था। इस टूनार्मेंट से पहले बांग्लादेश को अमेरिका ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से हराया था। दोनों टीमों के बीच देखने मिलेगा रोमांचक मुकाबला भारत और बांग्लादेश की टीमें भले ही अभ्यास मुकाबले में एक दूसरे के सामने होंगी, लेकिन दोनों टीमों के बीच इतिहास को देखते हुए फैंस को रोमांचक मुकाबला देखने मिल सकता है। भारतीय टीम का पलड़ा बांग्लादेश पर भारी है और दोनों टीमों के बीच अबतक 13 मैच में से 12 मुकाबले भारत ने जीते हैं। टी20 विश्व कप के पिछले संस्करणों में दोनों टीमों के बीच कड़े मुकाबले देखने मिले हैं। आइए जानते हैं टी20 विश्व कप 2024 के अभ्यास मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकास्ट से जुड़ी सारी जानकारी... कब है भारत और बांग्लादेश के बीच अभ्यास मुकाबला? भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 विश्व कप 2024 का अभ्यास मुकाबला एक जून यानी शनिवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और बांग्लादेश के बीच अभ्यास मुकाबला? भारत और बांग्लादेश के बीच अभ्यास मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। कब शुरू होगा भारत और बांग्लादेश के बीच अभ्यास मुकाबला? भारत और बांग्लादेश के बीच अभ्यास मुकाबला भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम साढ़े सात बजे होगा। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच? स्टार स्पोर्ट्स के पास टी20 विश्व कप 2024 के प्रसारण के अधिकार हैं। अंग्रेजी में लाइव कमेंट्री स्टार स्पोर्ट्स 1 एचडी/एसडी पर और हिंदी कमेंट्री स्टार स्पोर्ट्स हिंदी एचडी/एसडी पर उपलब्ध होगी। स्टार स्पोर्ट्स चैनल हिंदी और अंग्रेजी के अलावा बंगाली, कन्नड़, तेलुगु और तमिल सहित अन्य भाषाओं में लाइव कमेंट्री प्रदान करेगा। फोन या लैपटॉप पर कैसे देख सकते हैं लाइव मैच? इस मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग डिज्नी प्लस हॉटस्टार एप पर देखी जा सकती है। इसके अलावा आप मैच से जुड़ी खबरें, लाइव अपडेट्स और रिकॉर्ड्स पर भी पढ़ सकते हैं।

## टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दी करारी शिकस्त, 2-0 से जीती टी20 सीरीज

**लंदन।** आदिल राशिद को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला और तीसरा टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। स्पिनर आदिल राशिद की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की उम्दा बल्लेबाजी से इंग्लैंड ने चौथे और अंतिम टी20 मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 2-0 से सीरीज अपने नाम की। दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले गत चैंपियन इंग्लैंड के लिए यह जीत काफी महत्वपूर्ण है। आदिल राशिद को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला और तीसरा टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सॉल्ट ने बिखेरी चमक पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 157 रन बनाए, जवाब में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट ने चमक बिखेरी और कप्तान जोस बटलर के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 82 रनों की साझेदारी कर डाली। इस साझेदारी ने इंग्लैंड की जीत की नींव रखी। हालांकि, पाकिस्तान के हारिस रऊफ ने बेहतरीन गेंदबाजी की और सॉल्ट, बटलर और विल जैक्स को आउट कर पाकिस्तान की वापसी की कोशिश कराई, लेकिन अंत में जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने नाबाद रहते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई।



# डेथ ओवरों में भरोसेमंद हैं बुमराह, जानें 16 से 20 ओवरों में कैसा रहा है अर्शदीप और सिराज का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और इसके लिए रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम ने भी कमर कस ली है। भारतीय टीम इस वैश्विक टूनार्मेंट में अपने अभियान की शुरूआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी, लेकिन इससे पहले टीम को शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र अभ्यास मैच भी खेलना है। भारत ने जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज के रूप में तीन तेज गेंदबाजों को चुना है जो तेज गेंदबाजी आक्रमण का जिम्मा संभालेंगे। ये तीनों ही गेंदबाज हाल ही में संपन्न हुए आईपीएल 2024 सीजन में भी खेले थे। आइए जानते हैं बुमराह, अर्शदीप और सिराज का खेल के सबसे छोटे प्रारूप में प्रदर्शन कैसा रहा है और ये तीनों गेंदबाज कितने प्रभावी हैं। आईपीएल में बुमराह ने किया था दमदार प्रदर्शन किसी भी टीम के लिए बड़े टूनार्मेंट जीतने में गेंदबाजों का योगदान काफी महत्वपूर्ण होता है। भारतीय गेंदबाजों ने पिछले साल वनडे विश्व कप में काफी शानदार प्रदर्शन किया था और टीम को एक बार फिर इनसे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप में नई गेंद से टीम की अगुआई करेंगे। बुमराह ने आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। बुमराह ने मौजूदा सीजन में कुल 20 विकेट झटके थे और इस दौरान उनकी इकॉनोमी 6.48 रही थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलने वाले मोहम्मद सिराज ने शुरूआती चरण में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। सिराज ने आईपीएल 2024 सीजन के शुरूआती सात मैचों में 10.34 की इकॉनोमी रेट से पांच विकेट लिए थे, लेकिन बाद में उन्होंने वापसी की और कुल 15 विकेट लेने में सफल रहे। इस दौरान सिराज की इकॉनोमी 9.19 रही। पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले अर्शदीप सिंह ने भी आईपीएल 2024 में 19 विकेट झटके थे, लेकिन वह विश्व कप टीम में शामिल अन्य दो गेंदबाजों की तुलना में महंगे साबित हुए। अर्शदीप ने 10.03 की इकॉनोमी रेट से रन लुटाए थे। डेथ ओवरों में बुमराह का दमदार है रिकॉर्ड, सबसे महंगे रहे हैं सिराज बुमराह, सिराज और अर्शदीप के प्रदर्शन को देखें तो डेथ ओवरों (16-20 ओवरों) के बीच बुमराह का प्रदर्शन दमदार रहा है। इन तीनों गेंदबाजों के 2022 से प्रदर्शन को देखें तो बुमराह ने इस दौरान डेथ ओवरों में कुल 44.1 ओवर गेंदबाजी की है और 319 रन लुटाए हैं, लेकिन 20 विकेट भी झटके हैं।




| गेंदबाज | जसप्रीत बुमराह | मोहम्मद सिराज | अर्शदीप सिंह |
|---|---|---|---|
| ओवर | 44.1 | 47 | 126 |
| विकेट | 20 | 19 | 64 |

# टूनार्मेंट शुरू होने से पहले भारत ने किया कड़ा अभ्यास, हार्दिक ने घंटे भर तक की गेंदबाजी


**न्यूयॉर्क।** भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले न्यूयॉर्क में अपने पहले ट्रेनिंग सीजन में जमकर पसीना



बहाया। भारत को पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ टूनार्मेंट में अपना पहला मैच खेलना है और उससे पहले रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मुकाबला खेलेगी। अभ्यास सीजन के दौरान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने करीब घंटे भर गेंदबाजी की और बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। भारतीय टीम ने न्यूयॉर्क में बने नए नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास किया। टीम के ट्रेनिंग सीजन के दौरान न्यूयॉर्क में मौसम सुहाना रहा। हालांकि, इसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शामिल नहीं थे क्योंकि वह अभी टीम से नहीं जुड़े हैं। कोहली गुरुवार रात न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गए थे और वह जल्द ही टीम से जुड़ने वाले हैं। हालांकि, कोहली के बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मुकाबले में खेलने पर संशय बरकरार है। हार्दिक ने जमकर बहाया पसीना पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे भारतीय टीम के उपकप्तान हार्दिक ने अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और वह ट्रेनिंग सीजन का मुख्य आकर्षण बने रहे। हार्दिक ने इस दौरान बल्ले और गेंद दोनों से कड़ा अभ्यास किया। हार्दिक इस सप्ताह के शुरूआत में टीम से जुड़े थे और उन्होंने नेट्स पर करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए लगातार गेंदबाजी नहीं कर रहे थे, इसलिए उन्होंने नेट्स पर अधिक समय गेंदबाजी की जिससे फिटनेस साबित की जा सके। गेंदबाजी के बाद हार्दिक ने नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी भी की। हार्दिक अंत में बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने बल्लेबाजी कोच विक्रम राठोर से चर्चा भी की। आईपीएल में संघर्ष करते दिखे थे हार्दिक हार्दिक आईपीएल 2024 सीजन के दौरान बल्ले और गेंद से प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करते दिखे थे। उन्होंने 14 मैचों में 216 रन बनाए थे और करीब 11 की इकॉनोमी रेट से 11 विकेट झटके थे।

## क्या ट्रेनिंग सुविधाओं से असंतुष्ट है भारत? सामने आई बड़ी जानकारी, आईसीसी ने दिया ये बयान

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क ने नसाउ क्रिकेट स्टेडियम में ट्रेनिंग की सुविधा नहीं है और मॉड्यूलर स्थल का उपयोग केवल मैचों के लिए किया जाएगा। आईसीसी ने कैंटियाग पार्क को आधिकारिक रूप से टीमों का ट्रेनिंग केंद्र घोषित किया है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र अभ्यास मैच में उतरेगी। भारत ने इसके लिए अपना अभ्यास शुरू कर दिया है, लेकिन रिपोर्ट सामने आ रही है कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कैंटियाग पार्क की ट्रेनिंग सुविधा से संतुष्ट नहीं हैं। कप्तान रोहित शर्मा की टीम ने बुधवार को नेट सीजन किया और छह में से तीन ड्रॉप इन पिचों का इस्तेमाल किया। भारतीय टीम ने जाहिर की चिंता क्रिकेटनेक्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 'इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, पिच से लेकर अन्य सुविधाओं तक सभी कामचलाऊ है। आसान भाषा में कहूं तो सभी चीजें काफी औसत है। टीम ने इस बारे में चिंता जाहिर की है।' यह रिपोर्ट सामने आने के बाद आईसीसी से इस बारे में पूछा गया तो क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने कहा, किसी भी टीम ने कैंटियाग पार्क में अभ्यास सुविधाओं से जुड़ी कोई शिकायत या चिंता जाहिर नहीं है। खाने की व्यवस्था भी नहीं थी सही इस रिपोर्ट के अनुसार, बताया जा रहा है कि आयोजन स्थल पर खाने की व्यवस्था भी सही नहीं थी।



## विराट कोहली को इस मामले में पीछे छोड़ने के करीब पहुंचे बाबर आजम, टी20 में हासिल कर लेंगे बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम टी20 विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और लगातार नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रहे हैं। बाबर ने इंग्लैंड के खिलाफ लंदन में खेले गए चौथे टी20 मैच के दौरान 36 रनों की पारी खेली। बाबर की यह पारी टीम के काम नहीं आ सकी क्योंकि इंग्लैंड ने यह मुकाबला अपने नाम किया, लेकिन बाबर टी20 में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में विराट कोहली के करीब पहुंच गए हैं। बाबर और कोहली के बीच 14 रनों का फासला बाबर के टी20 में 119 मैचों में 4023 रन हो गए हैं और वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। इस तरह बाबर टी20 क्रिकेट में चार हजार रन पूरे करने वाले कोहली के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं। बाबर ने हाल ही में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा था जिन्होंने टी20 में 151 मैचों में 139.97 के स्ट्राइक रेट से 3974 रन बनाए हैं। फिलहाल बाबर से आगे भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली हैं जिन्होंने 117 मैचों में 4037 रन बनाए हैं। कोहली और बाबर के बीच अब महज 14 रनों का फासला रह गया है। टी20 विश्व कप में होनी है भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच नौ जून को टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण का मुकाबला खेला जाना है।





# अमेरिका ने लामिछाने को वीजा देने से फिर मना किया, टूनार्मेंट में खेलने पर संशय बरकरार

**काठमांडू।** नेपाल क्रिकेट संघ की केंद्रीय समिति के सदस्य चुंबी लामा ने बताया कि लामिछाने को अमेरिका का वीजा दिलाने की सभी कोशिश असफल रही है। नेपाल के स्पिनर संदीप लामिछाने के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नेपाल स्थित अमेरिकी दूतावास ने लामिछाने को एक बार फिर वीजा देने से मना कर दिया है। नेपाल क्रिकेट संघ ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि वीजा नहीं मिलने से लामिछाने के टी20 विश्व कप में खेलने की संभावना अब ना के बराबर है। लामिछाने को हाल ही दुष्कर्म मामले में हाई कोर्ट ने बरी किया था। नेपाल को इस वैश्विक टूनार्मेंट में अपना पहला मुकाबला चार जून को डलास में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलना है। पिछले सप्ताह भी अमेरिका ने लामिछाने को टूनार्मेंट में शामिल होने के लिए अमेरिका का वीजा देने से मना कर दिया था। नेपाल क्रिकेट संघ की केंद्रीय समिति के सदस्य चुंबी लामा ने बताया कि लामिछाने को अमेरिका का वीजा दिलाने की सभी कोशिश असफल रही है। लामिछाने नेपाल क्रिकेट टीम के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं, लेकिन दुष्कर्म का मामला सामने आने के कारण उन्हें पहले टीम में शामिल नहीं किया गया था। लामिछाने का विश्व कप में खेलना मुश्किल नेपाल की सरकार भले ही लामिछाने को वीजा दिलाने के लिए अब भी कोशिश कर रही है, लेकिन इस बात की संभावना कम है कि लामिछाने टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका की यात्रा कर पाएंगे। आईसीसी के नियमनुसार कोई भी टीम 25 मई तक अपने स्क्वाड में बदलाव कर सकती थी, लेकिन टीम में अब किसी भी तरह के परिवर्तन के लिए आईसीसी की तकनीकी समिति की मंजूरी लेन पड़ेगी। हाई कोर्ट ने लामिछाने की दी थी राहत नेपाल के पाटन हाईकोर्ट ने 15 मई को लामिछाने पर लगे यौन शोषण के आरोप मामले में अपना अंतिम फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि संदीप निर्दोष हैं। कोर्ट ने काठमांडू जिला अदालत से मिले सजा और जुमार्ने के फैसले को पलट दिया। दरअसल, इससे पहले काठमांडू जिला अदालत ने संदीप को दुष्कर्म मामले में दोषी पाया था और उन्हें आठ साल जेल की सजा सुनाई थी। साथ ही पांच लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। बीते वर्ष 13 दिसंबर को कोर्ट ने उन्हें जबरन दुष्कर्म का दोषी ठहराया था। दुनियाभर की कई लीग में हिस्सा ले चुके हैं लामिछाने लामिछाने दुनियाभर की कई टी20 लीग में हिस्सा ले चुके हैं जिसमे बिग बैश लीग भी शामिल है।



## अभ्यास मैच से पहले रोहित ने दिया बड़ा बयान, न्यूयॉर्क की परिस्थितियों को लेकर कही ये बात

**न्यूयॉर्क।** आयरलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच से पहले भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण रहेगा। रोहित ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम के लिए टी20 विश्व कप से पहले लय में लौटना कितना जरूरी है और खिलाड़ी अभ्यास मैच के दौरान परिस्थिति में ढलना चाहेंगे। भारत को टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र अभ्यास मैच खेलना है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टीम का ध्यान अभ्यास मैच के दौरान न्यूयॉर्क की परिस्थिति को समझने पर रहेगा क्योंकि टीम ने यहां इससे पहले कभी कोई मुकाबला नहीं खेला है। आयरलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच से पहले भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण रहेगा। रोहित ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम के लिए टी20 विश्व कप से पहले लय में लौटना कितना जरूरी है और खिलाड़ी अभ्यास मैच के दौरान परिस्थिति में ढलना चाहेंगे। भारतीय कप्तान ने आईसीसी द्वारा जारी वीडियो में कहा, टूनार्मेंट पूरी तरह शुरू होने से पहले हमारे लिए परिस्थिति को समझना ज्यादा जरूरी होगा क्योंकि हमने यहां इससे पहले कोई मुकाबला नहीं खेला है। हमारी कोशिश रहेगी कि पांच जून को अपने शुरूआती मुकाबले से पहले यहां की परिस्थिति में ढल सकें। यह बस लय में आना और मैदान को समझने को लेकर है। रोहित को अमेरिका में अधिक संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद भारतीय कप्तान पहली बार अमेरिका में हो रहे टी20 विश्व कप को लेकर उत्सुक हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि टूनार्मेंट के दौरान स्टेडियम पर दर्शकों की भारी भीड़ रहेगी।



## दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने दिखाया दम, ऑस्ट्रेलिया को अभ्यास मैच में हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी। टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही सह-मेजबान और दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने वनडे विश्व कप की विजेता टीम ऑस्ट्रेलिया को पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए अभ्यास मुकाबले में हराकर अपना दम दिखाया। वेस्टइंडीज ने निकोलस पूरन और कप्तान रोवमैन पोवेल के अर्धशतकों के दम पर ऑस्ट्रेलिया को पहले अभ्यास मैच में 35 रन हराया। वेस्टइंडीज ने खड़ा किया विशाल स्कोर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद पर पांच चौके और आठ छक्कों की मदद से 75 रन और कप्तान पोवेल के 25 गेंद पर चार चौके और चार छक्के के दम पर 52 रन की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाए। इन दो बल्लेबाजों के अलावा शेरफाने रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने भी जमकर प्रहार किए और कंगारू टीम के लिए जोश इंगलिस ने 30 गेंद पर 55 रन और नाथन एलिस ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी। वेस्टइंडीज के लिए अल्जारी जोसेफ और गुडाकेश मोती ने दो-दो विकेट लिए। फिर नौ खिलाड़ियों के साथ उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी।



## रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन में रखा अपना एक लाख किलो सोना भारत वापस मंगाया, 1991 के बाद पहली बार किया यह काम

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई ने सोना भारत में स्थानांतरित करने का फैसला इसलिए लिया है क्यों क्योंकि देश के बाहर रखे गए भारत के सोने का स्टॉक लगातार बढ़ रहा था। फिलहाल इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक ने आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं कही है। भारत के केंद्रीय बैंक ने ब्रिटेन से 100 मीट्रिक टन (1 लाख किलोग्राम) से थोड़ा अधिक सोना अपने घरेलू वॉल्ट में स्थानांतरित कर दिया है। एक समाचारपत्र ने सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को यह खबर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार 1991 के आर्थिक संकट के बाद पहली बार इतने सोने को ब्रिटेन से भारत मंगाया गया है। भारत को 1991 में आर्थिक संकट के दौरान अपना सोना विदेशों में गिरवी रखना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले महीनों में देश में इतनी ही मात्रा में और कीमती धातु आ सकती है, यह कदम लॉजिस्टिक कारणों और विविध भंडारण के लिए उठाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास मार्च के अंत तक 822.10 टन सोना था, जिसमें से 408.31 टन सोने को घरेलू स्तर पर यानी देश में रखा गया है। बाकी सोना विदेशों में रखे गए हैं। आरबीआई ने पिछले वित्तीय वर्ष में अपने सोने के भंडार में 27.5 टन की बढ़ोतरी की है। हाल के दिनों में वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार में वृद्धि कर रहे हैं, यह कदम अक्सर मुद्रा अस्थिरता और भू-राजनीतिक जोखिमों खिलाफ बचाव के रूप में रणनीतिक तौर पर उठाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई ने सोना भारत में स्थानांतरित करने का फैसला इसलिए लिया है क्यों क्योंकि देश के बाहर रखे गए भारत के सोने का स्टॉक लगातार बढ़ रहा था। फिलहाल इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक ने आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं कही है। आरबीआई को साल 1991 में उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा जब उसे अपने सोने के भंडार का एक हिस्सा गिरवी रखने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि देश विदेशी मुद्रा संकट से गुजर रहा था। 1991 के बाद यह पहली बार है जब भारत ने इतने भारी पैमाने पर देश में सोना स्थानांतरित किया है। सूत्रों ने बताया कि है आरबीआई ने यह कदम लॉजिस्टिक कारणों के साथ-साथ स्टोरेज की विविधता के लिए उठाया है। घरेलू स्तर पर सोने को आरबीआई के मुंबई मिंट रोड और नागपुर स्थित पुराने कार्यालय भवन में स्थित तहखानों में रखा जाता है।





# बिग बॉस फेम जैस्मीन भसीन की मां की तबीयत खराब, अस्पताल में हुई भर्ती

बिग बॉस 14' फेम अभिनेत्री जैस्मीन भसीन की मां की तबीयत खराब है। जैस्मीन की मां अस्पताल में भर्ती हैं, जिसे लेकर जैस्मीन ने एक जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। जैस्मीन भसीन मनोरंजन दुनिया की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं। जैस्मीन को 'बिग बॉस 14' के दौरान काफी प्रसिद्धी मिली। टेलिविजन के अलावा जैस्मीन ने पंजाबी सिनेमा में भी बेहतरीन काम किया है। जैस्मीन की मां की तबीयत खराब है, जिसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। जैस्मीन ने मां के लिए स्पेशल पोस्ट जैस्मीन की मां की तबीयत खराब है, जिसकी वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। जैस्मीन ने अपनी मां की अस्पताल की एक तस्वीर सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टा पर साझा की है। जैस्मीन की मां अस्पताल के बेड पर लेटी हुई नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान नजर आ रही है। जैस्मीन ने फोटो को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, "मेरी बहादुर मां"। जैस्मीन के इस पोस्ट से साफ जाहिर हो रहा है कि वह अपनी मां से बेइंतहा प्यार करती हैं। जैस्मीन टीवी इंडस्ट्री और पंजाब सिनेमा का चर्चित चेहरा हैं। दो हफ्ते पहले जैस्मीन ने अपनी और अली गोनी की कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की थीं। यह तस्वीरें अली और जैस्मीन की मार्टियस वेकेशन की थीं। जैस्मीन ने अपने अभिनय की शुरूआत 2011 में तमिल फिल्म 'वानम' से की थी। इसके अलावा जैस्मीन साउथ की कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से फैंस का दिल जीत चुकी हैं। साउथ की फिल्म 'बिवेयर ऑफ डॉग्स' और तेलुगु फिल्म 'वेटा' में जैस्मीन के अभिनय को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। भसीन को 'टशन ए इश्क' में ट्विंकल तनेजा और 'दिल से दिल तक' में टेनी भानुशाली की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है।



# नंदमुरी बालकृष्ण के धक्का देने के मामले पर अंजलि ने तोड़ी चुप्पी, कहा, उन्होंने कार्यक्रम में आकर..


फिल्म 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान नंदमुरी बालकृष्ण ने अंजलि को धक्का दे दिया था। इस मामले को लेकर उनकी खूब आलोचना की गई थी। अब इस मसले पर अंजिल ने चुप्पी तोड़ ली है। तेलुगु अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण द्वारा अभिनेत्री अंजलि को धक्का देने के मामले पर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस मसले पर खुद अंजलि की ओर से प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने नंदमुरी बालकृष्ण के व्यवहार पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है और मामले को लेकर एक ट्वीट भी किया है। नंदमुरी बालकृष्ण की जमकर हुई थी आलोचना अंजलि की प्रतिक्रिया को जानने से पहले एक बार फटाफट इस मामले को समझ लेते हैं। यह घटना फिल्म 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान हुई थी। नंदमुरी बालकृष्ण इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने मंच पर अभिनेत्री अंजलि को धक्का दिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही बालकृष्ण यूजर्स के निशाने पर आ गए थे। सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना की गई। हालांकि, इस वीडियो में धक्का लगने के बाद भी अंजलि को हंसते हुए देखा जा सकता है। अंजलि ने दिया बालकृष्ण को धन्यवाद इस घटना पर लोगों की आलोचनाओं से इतर अंजलि की कुछ और ही प्रतिक्रिया देखने को मिली। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, ₹मैं बालकृष्ण गारू को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ गोदावरी के प्री-रिलीज कार्यक्रम में आकर इसकी शोभा बढ़ाई। मैं कहना चाहूंगी कि बालकृष्ण गारू और मैंने हमेशा एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखा है और हम लंबे समय से एक अच्छी दोस्ती साझा करते हैं। उनके साथ फिर से मंच साझा करना अद्भुत था।₹ अंजलि ने अपने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया है। एक्शन फिल्म है 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' में अंजलि के अलावा विश्वक सेन, नेहा शेट्टी और साई कुमार ने भी अभिनय किया है। इसका निर्देशन कृष्णा चैतन्य ने किया है।

# 'कांतारा चैप्टर 1' पर आया बड़ा अपडेट, फिल्म में इस मशहूर अभिनेता की हुई एंट्री



साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'कांतारा' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। फिल्म के मेकर्स फिलहाल शिद्दत से इसके प्रीक्वल 'कांतारा-चैप्टर 1' में जुटे हैं। खबरों के मुताबिक, अब इसमें मलयालम फिल्मों के एक बड़े अभिनेता की एंट्री हुई है। 'कांतारा' साल 2022 की बेहद चर्चित और सफल फिल्म रही थी। फिल्म से ऋषभ शेट्टी रातों-रात पूरे देश में मशहूर हो गए थे। फिल्म का निर्देशन और लेखन के साथ-साथ उन्होंने मुख्य किरदार भी निभाया था। भारतीय लोक कथाओं पर आधारित इस फिल्म को काफी तारीफें मिली थीं। फिल्म के रिलीज के बाद से ही दर्शक इसके दूसरे भाग की मांग करने लगे थे, जिसके बाद निमार्ताओं ने इसके दूसरे भाग का एलान भी कर दिया। हालांकि, यह फिल्म पहले भाग की प्रीक्वल होगी। 'कांतारा' के प्रीक्वल को लेकर व्यस्त हैं ऋषभ शेट्टी ऋषभ शेट्टी फिलहाल 'कांतारा-चैप्टर 1' को लेकर व्यस्त हैं। वह इस फिल्म को पहले भाग से अधिक भव्य और बेहतरीन बनाने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते। पिछले साल मेकर्स के तरफ से इसकी एक झलक भी जारी की गई थी, जिसके बाद दर्शक काफी उत्साहित हो गए थे। टीजर से यह साफ दिख रहा था कि मेकर्स इसे और भी ज्यादा भव्य बनाना चाहते हैं। इस वजह से इस बार फिल्म का बजट भी काफी ज्यादा बढ़ा दिया गया है। अब खबरें आ रही हैं कि 'कांतारा- चैप्टर 1' में एक बड़े स्टार को शामिल किया गया है। 'कांतारा- चैप्टर 1' में जयराम हुए शामिल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांतारा-चैप्टर 1 में मलयालम फिल्मों के स्टार अभिनेता जयराम भी नजर आने वाले हैं।

# अंबानी की पार्टी में होगी हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी की परफॉर्मेंस, मोटी रकम की चार्ज



अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन मार्च में गुजरात के जामनगर में हुआ था। उस समय इस भव्य समारोह की चर्चा हो रही थी। अब यह कपल इटली में अपना दूसरा प्री-वेडिंग फंक्शन करने के लिए तैयार है। अनंत अंबानी 12 जुलाई को मुंबई में राधिका मर्चेंट से शादी करने जा रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन में हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी अपनी परफॉर्मेंस देने वाली हैं। हॉलीवुड गायिका कैटी पेरी कथित तौर पर 31 मई को कान्स में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग पार्टी में प्रस्तुति देंगी। यह सेलिब्रिटी शुक्रवार शाम को मस्के रेड बॉल में प्रस्तुति देने के लिए फ्रांस के कान्स जा रही हैं। शाम को छअ श्3ी ए श्रॅंड्ड (लाइफ इज अ जर्नी) पार्टी रखी गई है। ये एक मास्करेड बॉल पार्टी होने वाली है, जिसमें शामिल सभी मेहमान चेहरे पर मुखौटा पहनकर शामिल होंगे। इस पार्टी के लिए अंबानी परिवार ने कांस में 40 मिलियन पाउंड (423 करोड़ रुपए) का विला बुक किया है। खबर है कि कि 5 घंटे तक चलने वाली इस पार्टी में मेहमानों के लिए बड़ा फायरवर्क शो भी रखा गया है। इससे पहले, क्रूज से लोकप्रिय बैंड बैकस्ट्रीट बॉयज की परफॉर्मेंस का एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया था। वायरल क्लिप में बैकस्ट्रीट बॉयज, जिसमें निक कार्टर, होवी डोरो, ब्रायन लिटरेल, एजे मैकलीन और केविन रिचर्डसन शामिल थे, पूरी तरह से सफेद कपड़ों में क्रूज पर मौजूद दर्शकों के लिए अपना लोकप्रिय ट्रैक 'आई वाना बी विद यू' गाते हुए नजर आए। बता दें कि जामनगर में हुई पहली प्री-वेडिंग सेरेमनी में इंटरनेशल सिंगर रिहाना ने परफॉर्मेंस दी थी, जिसके लिए उन्हें 74 करोड़ रुपए फीस दी गई थी। हाल ही में, खबर भी आई थी कि इस पार्टी में शकीरा भी परफॉर्म करेंगी।



# मलाइका अरोड़ा-अर्जुन कपूर का हुआ ब्रेकअप?

## लंबे वक्त तक डेंटिग के बाद इस कारण जुदा हुई राहें!

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर कई सालों से एक लंबे और खूबसूरत रिश्ते में थे, जिसने सभी का सम्मान और प्यार जीता। वे इस बात की मिसाल बन गए कि कैसे प्यार सभी मुश्किलों के बावजूद खड़ा हो सकता है और लोगों का दिल जीत सकता है। हालांकि, अब खबर आ रही है कि दोनों ने सम्मानपूर्वक अपना रिश्ता खत्म कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस कपल ने अलग होने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उनके रिश्ते ने अपनी राह तय कर ली है और वे इस स्थिति से बेहद सम्मानजनक तरीके से निपटेंगे। मलाइका और अर्जुन का रिश्ता बहुत खास था और दोनों एक-दूसरे के दिलों में हमेशा खास जगह बनाए रखेंगे। उन्होंने अलग होने का फैसला किया है और इस मामले में चुप्पी बनाए रखेंगे। वे क ।



किसी को भी अपने रिश्ते का प्रचार करने मौका नहीं देना चाहते हैं। खबरों की मानें तो मलाइका और अर्जुन के बीच किसी तरह की खटास नहीं है। वे एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं और एक-दूसरे के लिए मजबूत पिलर जैसे खड़े रहे हैं। अलग होने का फैसला करने के बावजूद वे एक-दूसरे को वैसा ही सम्मान देते रहेंगे। पिछले कुछ सालों में उन्होंने अपने रिश्ते को बहुत सम्मान दिया है। अलग होने का फैसला करने के बावजूद वे अपने मन में इस रिश्ते के लिए कोई गलत भावना नहीं लेकर आएंगे। वे दोनों सालों से एक गंभीर रिश्ते में थे और उन्हें उम्मीद है कि लोग इस भावनात्मक समय में उन्हें स्पेस देंगे। बता दें कि अर्जुन और मलाइका के रिश्ते की अफवाहें 2018 में तब शुरू हुईं, जब वे एक फैशन शो कार्यक्रम में साथ दिखे। मलाइका के 45वें जन्मदिन पर, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते की पुष्टि की। इसे आधिकारिक बनाने के बाद, उन्होंने एक-दूसरे के परिवारों के साथ समय बिताना भी शुरू कर दिया। कॉफी विद करण में अर्जुन की उपस्थिति के दौरान भी, उन्होंने अपने प्रेम जीवन और अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने की अपनी योजनाओं के बारे में बात की थी।



# इंटमेसी से होने वाली बीमारियों पर जान्हवी ने फैलाई जागरूकता, शारीरिक संबंध न बनाने की दी सलाह?

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। ये फिल्म आज 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर ने राजकुमार राव के साथ स्क्रीन साझा की है। फिल्म में दोनों सितारे पति-पत्नी की भूमिका में दिखाई दिए हैं। इसी बीच जान्हवी का एक स्टैंड अप कॉमेडी वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह मेकअप और नो मेकअप लुक की बजाय जीवन बदलने वाली जानकारी मांगती नजर आईं। जान्हवी कपूर ने बातचीत के दौरान मजाकिया अंदाज में डेंटिंग पर बात की। साथ ही इंटमेसी से एचपीवी के संभावित प्रसार के बारे में चेतावनी दी। अभिनेत्री ने कहा, 'हे भगवान, कृपया मुझे यह बताना बंद करें कि मुझे कौन सा नो मेकअप और मेकअप लुक आजमाना चाहिए और मुझे कुछ जानकारी दें, जो शायद मेरी जान बचा सकती है, है ना? मुझे रेड फ्लैग के बारे में न बताएं।' उन्होंने कहा, 'डेट तो अच्छी चली जाएगी, लेकिन आपको किस बात से सावधान रहने की जरूरत है? डेट अच्छी हो गई तो हम क्या करेंगे? एचपीवी एक वायरस है, जो फैलता है। त्वचा से त्वचा के संपर्क से यानी इंटमेसी से। हाथ मिलाने से नहीं, गाल खींचने से नहीं। हमारा मतलब वास्तव में इंटमेसी, त्वचा से त्वचा के संपर्क से है।' जान्हवी का ये वीडियो लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। यूजर्स का कहना है कि अभिनेत्री की स्टैंड अप कॉमेडी में कुछ भी मजेदार जैसा क्या है।

# फैशनटीवी ने लखनऊ में पहला, प्रीमियम एफ-सैलून लॉन्च किया

**लखनऊ।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन और लाइफस्टाइल मीडिया टेलीविजन चौनल, फैशनटीवी ने लखनऊ में अपने पहले एफ-सैलून बाई फैशनटीवी की पेशकश की है। फैशनटीवी की पहुंच 196 देशों में है और इसके 2 बिलियन से अधिक दर्शक हैं। लखनऊ में यह सैलून पत्रकारपुरम में, सहारा प्लाजा के सामने, गेट नंबर 2 पर स्थित है। यह पहला प्रीमियम एफ-सैलून, फैशनटीवी, त्रिलैक कॉर्प के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है। गौरतलब है कि त्रिलैक कॉर्प वेलनेस और ब्यूटी इंडस्ट्री में एक नया और तेजी से उभरता हुआ नाम है। इस प्रीमियम एफ-सैलून में बाल, सौंदर्य, त्वचा, नेल आर्ट, मैनीक्योर और पेडीक्योर सर्विसेज की एक वाइड रेंज उपलब्ध है, और यह सब कुछ ष्एफ-सैलून बाई फैशनटीवी के शानदार और प्रीमियम इंटीरियर के भीतर मौजूद है। इस अवसर पर बात करते हुए, फैशनटीवी के प्रबंध निदेशक, श्री काशिफ खान ने कहा, ष्हमें वेलनेस और सौंदर्य उद्योग में एक नए और डायनमिक प्लेयर, त्रिलैक कॉर्प के साथ साझेदारी में अपना पहला प्रीमियम एफ-सैलून लॉन्च करने की घोषणा करते हुए अपार खुशी हो रही है। एफ-सैलून को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि हमारे कुशल कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले ब्यूटी और वेलनेस प्रॉडक्ट और सर्विसेज की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से सौंदर्य, लग्जरी और आराम का कभी न भूलने वाला अनुभव मिल सके। एफ-सैलून फैशनटीवी का तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है और हम पहले से ही भारत के कई शहरों में मौजूद हैं। लखनऊ में हमारा यह पहला एफ-सैलून है और यह तो अभी शुरूआत है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, डिस्ट्रीब्यूशन विनायक ने कहा, एफ-सैलून बाई फैशनटीवीष बहुत तेजी से बढ़ रहा है और हम अपने जैसे ही दृष्टिकोण और विचारों वाले चुनिंदा व्यापारियों के साथ साझेदारी कर रहे हैं, जैसे कि त्रिलैक कॉर्प. एफ-सैलून बाई फैशनटीवीष का मकसद एक शानदार और अल्ट्रा-प्रीमियम सैलून अनुभव प्रदान करना है जो दर्शकों को आकर्षित करता है। एफ-सैलून के साथ फैशन टीवी की विरासत जुड़ी हुई है, जो दुनिया का सबसे बड़ा फैशन और लाइफस्टाइल मीडिया टेलीविजन चौनल है। इसकी स्थापना 1996 में मिशेल एडम लिसोव्स्की ने की थी। इन वर्षों में, फैशन टीवी ने खुद को फैशन से आगे बढ़कर डेवलप किया है और अब यह ब्रांड फ्रेंचाइजिंग, इवेंट्स, लाइसेंसिंग, मीडिया और कॉन्सेप्ट्स में एक अग्रणी नाम है। श्री मिशेल एडम लिसोव्स्की और श्री काशिफ खान, दोनों ने भारत में लगातार बढ़ते वेलनेस उद्योग की क्षमता को पहचाना है। वर्तमान में फैशन टीवी का एफ-सैलून चंडीगढ़, जम्मू, हैदराबाद, नोएडा, पुणे, लुधियाना, पटना, केरल और कई अन्य प्रमुख शहरों में मौजूद है, और इसका मिशन 2025 के अंत तक पूरे भारत में 100 से अधिक एफ-सैलून शुरू करना है। सैलून में उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों की एक टीम है जो उत्कृष्टता के प्रति समर्पित है। यह टीम ब्यूटी इंडस्ट्री के बेहतरीन उत्पादों का इस्तेमाल करके उच्चतम स्तर की सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां कस्टमर एक अल्ट्रा-प्रीमियम, अविस्मरणीय अनुभव मिलने की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि यहां उनकी हर जरूरत का खयाल रखा जाता है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि कस्टमर स्नेहिल स्पर्श, तरोताजगी और बेहतरीन लुक के साथ यहां से जाएं। अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम लला के वस्त्र तैयार करने वाले प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने सैलून का उद्घाटन किया। इस भव्य उद्घाटन समारोह में सैलून का एक्सक्लूसिव टूर, यहां मिलने वाली सर्विसेज का लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन और हमारे विशेषज्ञ कर्मचारियों से मिलने का मौका शामिल था। इस ग्रैंड लॉन्च में विशेष अतिथियों और स्थानीय हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## हिंदी भाषा में किया आकाश आईट्यूटर का शुभारंभ

**लखनऊ।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए नया कदम उठाते हुए हिंदी भाषा में ह्लआकाश आईट्यूटरह्व का शुभारंभ किया है। यह नई सेवा हिंदी माध्यम में छात्रों को नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए शिक्षा सामग्री प्रदान करेगी। यह भारत में विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के छात्रों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एईएसएल की योजना का प्रतीक है। भविष्य में जेईई के लिए भी यही सुविधा प्रदान की जाएगी। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की ओर से पिछले शैक्षणिक सत्र से राज्य भर के विभिन्न शहरों में हिंदी माध्यम के बैच सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। यह नई पहल छात्रों को उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को साकार करने में मदद करेगी। छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता विकसित करने, उनके प्रदर्शन को सुधारने और उनके विद्यार्थी जीवन को समृद्ध करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस नई पहल के माध्यम से, आकाश ने छात्रों की शिक्षा में और एक चरण आगे बढ़ाने का उद्देश्य रखा है। यह सेवा छात्रों को उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाने का एक प्रयास है। भारत के हर कोने तक पहुंचने और विविध भाषाई प्राथमिकताओं को पूरा करने के मिशन के साथ, आकाश आईट्यूटर हिंदी भाषी छात्र समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने व्यापक ऑनलाइन शिक्षण मंच का विस्तार कर रहा है। इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य भाषा के अंतर को पाटना और नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करना है। शिक्षा में भाषाई समावेशिता के महत्व को पहचानते हुए, हिंदी में आकाश आईट्यूटर वीडियो व्याख्यान, अध्ययन सामग्री, अभ्यास परीक्षण और संदेह-समाधान सत्र सहित कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान करेगा, जो सभी हिंदी भाषा में प्रदान की जाएंगी।

## आखिरी चरण: 13 लोकसभा सीट,144 उम्मीदवार

### प्रधानमंत्री और तीन केंद्रीय मंत्रियों के भाग्य का भी फैसला आज

**लखनऊ।** अंतिम चरण में कल 13 लोकसभा सीटों खातिर मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर अंतिम चरण में होने वाले मतदान पर पूरे देश की नजर लगी है क्योंकि यह चरण खास है। पीएम और मोदी कैबिनेट के तीन मंत्रियों के भाग्य का फैसला इसी चरण में होगा। इस चरण में 13 सीटों के लिये 144 उम्मीदवार हैं। प्रधानमंत्री तो साधना में लीन हैं लेकिन उनके कारिंदे पूर्वांचल में चुनाव प्रचार के आखिरी क्षणों तक डटे रहे हैं। 1 जून को शाम 6 बजे देश की सभी 543 सीटों पर सभी 8 हजार 360 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। 4 जून को पिटारा खुलेगा और मतगणना के बाद साफ होगा कि दिल्ली के सिंहासन पर कौन बैठेगा। यूपी की जिन 13 सीटों पर 1 जून को मतदान होगा उनमें क्रमशःमहाराजगंज ,गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया,बांसगांव (सु.), घोसी, सलेमपुर, बलिया,गाजीपुर,चंदौली,वाराणसी ,मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज (सु.) हैं। यूपी की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा सीट वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव और दुद्धी विधानसभा सीट पर एक जून को मतदान होगा। इस चरण में इन लोकसभा क्षेत्रों के लिए 144 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष और 10 महिलाएं हैं। सोनभद्र जिले के दुद्धी (सु.) विधानसभा उपचुनाव के लिए आधा दर्जन उम्मीदवार हैं। सातवें चरण में राज्य की 13 लोकसभा सीट में से 11 सामान्य श्रेणी की हैं, दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण की 13 लोकसभा सीटों में महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सु.), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज (सु.) शामिल हैं, जो 11 जिलों में स्थित हैं। दुद्धी विधानसभा क्षेत्र सोनभद्र जिले में है।इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री अपना दल एस की नेता अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर बलिया से, माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी गाजीपुर से, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय चंदौली से, केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी महाराजगंज से, भोजपुरी अभिनेता रवि किशन गोरखपुर से शामिल हैं।

# गोरखपुर लोकसभा सीटः रवि किशन और काजल निषाद में कड़ी जंग

**लखनऊ।** गोरखपुर लोकसभा सीट की भी हॉट सीट में शुमारी होती है। यह सीट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परंपरागत सीट रही है। यहाँ प्रत्याशी बीजेपी किसी को भी बनाये लेकिन प्रतिष्ठा योगी आदित्यनाथ की जुड़ जाती है। मुख्यमंत्री ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिए हैं। कल मतदान होगा और वोटर अपनी मर्जी ईवीएम मशीन का बटन दबाकर बताने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले की गोरखपुर लोकसभा सीट पर दो कलाकारों की बीच जंग है। कल पहली जून को मतदाताओं को ईवीएम का बटन दबाकर अपना निर्णय देना है जो 4 जून को मतगणना के साथ एक उम्मीदवार को संसद भवन नई दिल्ली में एंट्री दिलायेगा। सपा प्रत्याशी काजल निषाद की सोशल मीडिया पर निषाद वोटरों से रोते हुए भावुक अपील फैली है जिसमें कहती हैं कि भाजपा सांसद रवि किशन शुक्ला को निषादों के शरीर से पसीने की बदबू आती है। अब निषाद समाज एकजुट नहीं हुआ तो कभी कोई राजनीतिक पार्टी निषाद बिरादरी के नेता को टिकट नहीं देगी।सपा प्रत्याशी का रोते हुए वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। काजल कहती सुनाई दे रही हैं कि समाज का साथ चाहिए। इस बार समर्थन नहीं मिला तो निषाद बिरादरी का सम्मान नहीं बचेगा। काजल कहती हैं कि 01 जून को मेरा जन्मदिन है। इस दिन एक वोट मांग रही हूं। गोरखपुर लोकसभा सीट पर निषाद बिरादरी निर्णायक होते हैं। करीब 4 लाख निषाद वोटर हैं।अलग-अलग समय में भाजपा से लेकर सपा के साथ जुड़ते रहे हैं। निषाद बिरादरी का गोरक्षपीठ के साथ जुड़ाव रहा है। सपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके स्व.जमुना निषाद ने निषाद वोटरों के बल पर 2004 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ को कड़ी टक्कर दी थी। गोरक्षपीठ की तीन दशकों तक गोरखपुर सीट पर जीत अभियान को ब्रेक लगाकर उपचुनाव में हराने वाला निषाद ही था। 1999 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाली हुई गोरखपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा के टिकट पर निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ.संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद ने भाजपा के उपेन्द्र दत्त शुक्ला को हराकर जीत हासिल की थी। अब प्रवीण निषाद भाजपा में हैं। वे संतकबीरनगर से भाजपा के सासंद है। इस बार भी भाजपा के टिकट पर चुनावी समर में हैं। गोरखपुर लोकसभा सीट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा दांव पर है। वे हर सभी विधानसभाओं में सभा के साथ ही रोड शो कर चुके हैं। वोटरों से 2019 में हुए जीत के अंतर को बढ़ाने की बात कही हैं। कैम्पियरगंज में हुई जनसभा में योगी ने कहा था किअयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए ठहरने के स्थान निषाद राज के नाम पर है। प्रयागराज में निषाद राज की 56 फीट ऊंची प्रतिमा लग रही है। भगवान राम और निषाद राज का मैत्री अयोध्या ही नहीं प्रयागराज में भी दिखता है। निषाद समाज रामद्रोही के साथ खड़ा नहीं हो सकता है। पूर्वांचल की सियासी जमीन निषाद राजनीति के लिए उर्वरा है। पूर्व सांसद फूलन देवी के पति उमेद सिंह ने भी पिपराइच से राजनीतिक भविष्य तलाशा था। गोरखपुर मंडल की 28 विधानसभा व छह संसदीय क्षेत्रों में निषाद बिरादरी का मजबूत दखल है। कौड़ीराम विधानसभा क्षेत्र में गौरी देवी विधायक थीं और अपने पति रवींद्र सिंह के यश और अपनी उपस्थिति के बल पर वह अपराजेय मानी जाती थीं। 1985 में उन्हें कांग्रेस से निषाद बिरादरी के लालचंद निषाद ने ही पराजित किया और गोरखपुर के पहले निषाद विधायक बने। निषाद राजनीति का उभार जमुना निषाद के दखल के बाद माना जाता है। नब्बे के दशक में जमुना निषाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्य नाथ के करीबी के रूप में सुर्खियों में आए। जमुना निषाद गोरक्षपीठ के विरोध में खड़े हो गए। निषाद बिरादरी में आई राजनीतिक चेतना के बल पर सपा के टिकट पर जमुना निषाद ने लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ को कड़ी टक्कर दी।

## कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक पलटा, चालक की मदद करने के बजाय बोतलें लूटने में जुटे ग्रामीण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में आज कोल्ड ड्रिंक से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसी कड़ी में ट्रक पलटने से सारी कोल्ड ड्रिंक की बोतलें सड़क पर बिखर गई। मौके पर मौजूद लोग ट्रक चालक की मदद करने के बजाय कोल्ड ड्रिंक की बोतलें लूटने में जुट गए। जिसे देख चालक ने खुद ही फोन कर थाना गोसाईगंज पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को रफा दफा किया। बता दें कि कुछ दिन पहले बिजनौर जिले से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था। जहां शराब की बोतलों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था। जिससे ट्रक ड्राइवर घायल हो गया और ट्रक में पड़ी शराब की बोतलें सड़क पर गिर गई थी। इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने घायल ट्रक ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाने के बजाए शराब की बोतलें लूटने लग गए। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। जिसमें साफ दिखाई दे रहा था कि कैसे लोग घायल चालक को अस्पताल पहुंचाने के बजाए शराब की बोतलों को उठाने में जुट गए। किसी ने भी सड़क पर पड़े ट्रक ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाना जरूरी नहीं समझा। इसके बाद घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रक ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया।

## यूपी में भीषण गर्मी बना रही रिकॉर्ड, सड़कों पर सन्नाटा

**लखनऊ।** उत्तर भारत भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। बीते गुरुवार को उत्तर प्रदेश में बुलंशहर में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया। बुलंशहर का अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को दोपहर 1 बजे तक राजधानी लखनऊ का तापमान 42 डिग्री पहुँच चुका है जिसके आगे चलकर 43 से 44 डिग्री तक पहुँचने की सम्भावना जताई जा रही है। हालाँकि गुरुवार को आसमान में बादलों की आवाजाही और शाम के समय कुछ देर के लिए तेज हवा चलने से लोगों ने गर्मी से राहत की उम्मीद जताई थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। शुक्रवार सुबह राजधानी का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिको का अनुमान है कि रात 11 बजे के बाद भी न्यूनतम तापमान में कोई बड़ी गिरावट नहीं आएगी। रात में भी लोगों को गर्मी से निजात नहीं मिलेगी। शुक्रवार को सुबह 10 बजे के बाद से ही सड़कों पर लोगों की आवाजाही नहीं के बराबर दिखी। गर्मी के चलते अधिकांश दुकानें भी दोपहर के समय बंद रहने लगी हैं। तेज धूप का आलम तो ये है कि थोड़ी दूर पैदल चलना भी मुश्किल है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिन के समय हवा नहीं चलने से ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है जिससे चिपचिपी गर्मी का एहसास होता है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक से दो दिनों में इस भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। उनके अनुसार देश के तटवर्तीय इलाकों में रेमल तूफान का असर देखने को मिला है। हालाँकि देश के अन्य इलाकों में इसका प्रभाव नहीं है लेकिन इसके प्रभाव से कुछ हद तक हवाएं चलने की सम्भावना बनी है।

केजरीवाल ने यूपी सरकार से की विनती,

# इस वक्त राजनीति करने की बजाय, आइए, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवाएं



**लखनऊ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा, अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पानी की मांग बहुत बढ़ गई है और दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से मिलने वाला पानी भी कम हो गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, पानी की किल्लत बहुत बढ़ गयी है और आपूर्ति कम हो गयी। हम सबको मिलकर इस समस्या का निवारण करना है। केजरीवाल ने कहा कि पूरा देश भीषण गर्मी का सामना कर रहा है जिसके कारण इस समय पूरे देश में पानी और बिजली का संकट है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, ष्पिछले साल दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 7438 मेगावाट थी। इसकी तुलना में इस साल अधिकतम मांग 8302 मेगावाट तक पहुंच गई है। लेकिन इसके बावजूद दिल्ली में बिजली की स्थिति नियंत्रण में है अन्य राज्यों की तरह यहां बिजली कटौती नहीं हो रही है।

## मतदान के बाद भी सतर्क रहें... भाजपाइयों के बहकावे में न आएं:अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकताओं को सजग और सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आखिरी चरण के मतदान के बाद भाजपाई बहकावे में न आएं और सावधान रहें। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकताओं को सावधान रहने और मतगणना खत्म हो जाने तक सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों के बहकावे में न आएं और सतर्क रहें। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि प्रिय कार्यकताओं, पदाधिकारियों और प्रत्याशियों... मैं आज आपसे एक बेहद जरूरी अपील कर रहा हूं। आप सब कल वोटिंग के दौरान भी और वोटिंग के बाद के दिनों में भी, मतगणना खत्म होने और जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत और सावधान रहिएगा और किसी भी प्रकार के भाजपाई बहकावे में न आइएगा। दरअसल ये अपील हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भाजपावालों ने ये योजना बनाई है कि कल शाम को चुनाव खत्म होते ही, वो अपनी मीडिया मंडली से विभिन्न चैनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि भाजपा को लगभग 300 सीटों के आसपास बढ़त मिली हुई है, जो कि पूरी तरह से झूठ है। ऐसे में आपके मन में ये सवाल उठेगा कि भाजपा को इस दो-तीन दिन का झूठ बोलने से क्या मिलेगा, जबकि ह्यइंडिया गठबंधनह्ण की सरकार बनने जा रही है। इसके जवाब में हम आपको बता दें कि ऐसा झूठ फैलाकर भाजपा वाले आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं, जिससे आपका उत्साह कम हो जाए और आप लोग मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय न रहें, जिसका फायदा उठाते हुए भाजपा कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से मतगणना में धांधली कर सके।

## संक्षिप्त खबरें

### एनसीसी कैडेट्स ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया

**लखनऊ।** केसर नहीं कैंसर है इस के दाने दाने में- इस आवाहन के साथ विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से कैडेट्स ने यह समझाने का प्रयास किया कि तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाना नुकसानदायक है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट बीड़ी आदि का सेवन करने से अन्य व्यक्ति भी इसकी चपेट में आकर रोग ग्रस्त हो जाते हैं। तंबाकू में पाया जाने वाला निकोटिन अत्यंत ही नुकसानदायक है इसके प्रयोग से हृदय रोग, कैंसर, फेफड़े संबंधी गंभीर रोग, लकवा जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं। प्रत्येक वर्ष 8 मिलियन से ज्यादा व्यक्तियों की मृत्यु तंबाकू के सेवन से होती है। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए तथा निरंतर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने युवा कैडेट्स का आवाहन करते हुए कहा कि युवाओं पर देश का भविष्य निर्भर है। इसलिए उन्हें स्वयं इसका सेवन करने से बचना चाहिए एवं अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। आजादी के शताब्दी वर्ष में देश की दशा और दिशा निर्धारित करने का दायित्व युवाओं पर है और जब युवा स्वस्थ होंगे तभी हमारा देश भी स्वस्थ एवं सुरक्षित तथा विकसित होगा। इस अभियान में अण्डर ऑफिसर पलक गुप्ता,अंजलि राय, तनूजा काण्डपाल, सोनल सिंह,आंचल तिवारी,अंजली अस्थाना,जिया थापा,प्रज्ञा शुक्ला,शिवानी वर्मा, शिवांशी,इशिता पाण्डेय आयुशी शर्मा,शिवानी पाल,जानवी दुबे,लक्ष्मी गुप्ता आदि कैडेटस सम्मिलित हुईं।

### यूपीपीएससी 10 जून से पहले जारी करेगा संशोधित कैलेंडर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यानि यूपीपीएससी लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद 10 जून से पहले संशोधित कैलेंडर जारी कर देगा। आयोग के सामने निरस्त और स्थगित परीक्षाओं की तारीख तय करने से बड़ी चुनौती जून-जुलाई में प्रस्तावित मुख्य परीक्षाओं की तिथियां तय करना है। निरस्त और स्थगित परीक्षाओं के साथ उनकी मुख्य परीक्षाओं की तारीखों में तालमेल बैठाया जा रहा है। इसको लेकर आयोग में मंथन चल रहा है। एक-दो दिन में निर्णय ले लिया जाएगा।पेपर लीक के चलते आरओ एआरओ की 11 फरवरी को हुई परीक्षा निरस्त हो गई है। इसके बाद 17 मार्च को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा, 22 मार्च को प्रस्तावित स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक पुरुष-महिला प्रारंभिक परीक्षा, सात अप्रैल को प्रस्तावित सहायक नगर नियोजक प्रारंभिक परीक्षा, नौ अप्रैल को प्रस्तावित अपर निजी सचिव परीक्षा और 24 अप्रैल को प्रस्तावित स्टाफ नर्स एलोपैथी पुरुष महिला परीक्षा को आयोग ने स्थगित किया है। कैलेंडर के अनुसार आरओ,एआरओ की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में पांच महीने का अंतर था। अभी निरस्त प्रारंभिक परीक्षा की नई तिथि जारी होनी है। ऐसे में स्पष्ट है कि 28 जुलाई को प्रस्तावित इसकी मुख्य परीक्षा की तारीख बदलेगी। सात जुलाई को प्रस्तावित पीसीएस-2024 मुख्य परीक्षा, 19 जून को प्रस्तावित सहायक नगर नियोजक मुख्य परीक्षा व नौ जून को प्रस्तावित स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक मुख्य परीक्षा की तारीख में बदलाव होना तय है। इन मुख्य परीक्षाओं की तारीख घोषित होने वाली प्रारंभिक तिथियों से दो या तीन महीने आगे जाएंगी।

### 30 जून को रिटायर कर्मचारी एक जुलाई के वेतन वृद्धि का हकदार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाला कर्मचारी एक जुलाई को मिलने वाले वेतन वृद्धि का हकदार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इंक्रीमेंट कर्मचारी के पिछले साल की गई सेवाओं का पारिश्रमिक होता है।इसे रोकना अविधिक है। न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की कोर्ट ने ओम नारायण सिंह और 4 अन्य की ओर से दाखिल की गई याचिका की सुनवाई करते हुए आदेश दिया। अधिवक्ता अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी ने पक्ष रखा।मामले में आईएएस अधिकारी रहे ओम नारायण सिंह, अनिता श्रीवास्तव, जगतराज त्रिपाठी, डॉ. सुरेंद्र कुमार व नरेंद्र शंकर पांडेय विभिन्न पदों से 30 जून को अलग-अलग वर्षों में सेवानिवृत्त हुए थे। इस दौरान उन्हें एक जुलाई को मिलने वाला इंक्रीमेंट नहीं दिया गया। इसके विरोध में उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।कोर्ट ने हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि 30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारी एक जुलाई को मिलने वाले इंक्रीमेंट का हकदार हैं। कोर्ट ने याचिकाकताओं को निदेशक पेंशन, पेंशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के समक्ष अभ्यावेदन दाखिल करने करने के लिए कहा और पेंशन निदेशक को निर्देश दिया कि अभ्यावेदन प्राप्त करने के बाद सत्यापन कर याचिकाकताओं को इंक्रीमेंट प्रदान किया जाए।

### तीन आईएएस और पांच पीसीएस अफसर सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन के तीन आईएएस और पांच पीसीएस अफसर आज सेवानिवृत्त हो गए हैं। आईएएस अधिकारी अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, अनीता सिंह और देवीपाटन मंडल के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा आज जहाँ रिटायर हो गए हैं वहीं पांच पीसीएस अधिकारी भी सेवानिवृत्त हो गए हैं। आज सेवानिवृत्त होने वाले पीसीएस अफसरों में एसडीएम बिजनौर शैलेंद्र कुमार,एसडीएम कुशीनगर हीरा लाल,ओएसडी राजस्व परिषद अजय कुमार ,अपर आयुक्त अयोध्या मंडल जितेंद्र कुमार कुशवाहा और ज्वाइंट कमिश्नर आवास मनोज कुमार शामिल हैं।

लखनऊ
तनवीर अहमद सिद्दीकी /संवाददाता/ व्यवस्थापक मो. 9335011869
अब्दुल रहमान संवाददाता मो. 9621322008
शकील अहमद, छायाकार
मो. सुमित कुमार नायब
मो. नफीस अहमद, छायाकार मो. 9026199925
अयोध्या
अयाज़ अहमद , ब्यूरो प्रमुख 9307370400
राकेश सिंह, संवाददाता मो. 94527 14950
तुफैल अहमद, संवाददाता मो.91 87360 18347
मो फहीम , संवाददाता/सोहावल मो. 9919659009
रुदौली
शाहिद सिद्दीकी, संवाददाता/ रुदौली मो.99 35 123801
फहीम अहमद, संवाददाता /रुदौली मो.91 99360 01098
विष्णु सिकरवार ,ब्यूरो प्रमुख, आगरा 9411650022,9837077711
नदीम अहमद सय्यद ब्यूरो प्रमुख, गोंडा 7039999099

लखनऊ का अभिमान
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं सम्पादक मो0 सफीर सिद्दीकी द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29 पुराना किला, कैंट रोड, हुसैनगंज लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय न0 6 ग्रैंड मार्केट निकट मेडवेल हॉस्पिटल कैंट रोड लखनऊ उत्तर प्रदेश से से प्रकाशित।

संपादक
मो0 सफीर सिद्दीकी
मो0-9335603148,933663148
0522-4108224

E-mail - lucknowkaabhiman@gmail.com
www.lucknowkaabhiman.com

RNI.NO. UPHIN/2013/55150

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।